Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 145 | बुधवार, 28 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सिंधु जल संधि पर पीएम मोदी का बड़ा बयान

# 'अभी कुछ नहीं किया और पाकिस्तान को आ गया पसीना'

**नई दिल्ली।**

मोदी ने कहा कि गाद निकालने के लिए नीचे के गेट बंद रहेंगे। 60 साल तक ये गेट कभी नहीं खोले गए। जिन जलाशयों को 100% क्षमता तक भरना था, वे अब सिर्फ.2% या 3% रह गए हैं। अभी मैंने कुछ नहीं किया और वहाँ (पाकिस्तान) लोग पसीना बहा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 1960 की सिंधु जल संधि पर बुरी तरह से बातचीत की गई थी। गांधीनगर में गुजरात शहरी विकास की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संधि के निलंबन से पाकिस्तान अत्यधिक परेशान है। उन्होंने कहा कि मैं नई पीढ़ी को बताना चाहता हूँ कि कैसे हमारे देश को बर्बाद कर दिया गया। अगर आप 1960 की सिंधु जल संधि का अध्ययन करेंगे तो चौंक जाएँगे। उसमें तय हुआ था कि जम्मू-कश्मीर की नदियों पर बने बाँधों की सफाई नहीं की जाएगी। गाद निकालने का काम नहीं किया जाएगा। मोदी ने कहा कि गाद निकालने के लिए नीचे के गेट बंद रहेंगे। 60 साल तक ये गेट कभी नहीं खोले गए। जिन जलाशयों को 100% क्षमता तक भरना था, वे अब सिर्फ.2% या 3% रह गए हैं। अभी मैंने कुछ नहीं किया और वहाँ (पाकिस्तान) लोग पसीना बहा रहे हैं। हमने बाँधों की सफाई के लिए छोटे-छोटे गेट खोले हैं और वहाँ बाढ़ आ गई है। उन्होंने कहा कि मैं कहता हूँ कि इसे अब छद्म युद्ध नहीं कहा जा सकता, क्योंकि 6 मई के बाद जिन आतंकवादियों के अंतिम संस्कार हुए, उन्हें पाकिस्तान में राजकीय सम्मान दिया गया। उनके ताबूतों पर पाकिस्तान के झंडे रखे गए और उनकी सेना ने उन्हें सलामी दी। इससे साबित होता है कि आतंकवादी गतिविधियाँ छद्म युद्ध नहीं बल्कि एक सुनियोजित युद्ध रणनीति है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आप पहले से ही युद्ध में हैं और आपको उसी के अनुसार जवाब मिलेगा। हम किसी से दुश्मनी नहीं चाहते। हम शांति से रहना चाहते हैं। हम प्रगति भी करना चाहते हैं ताकि हम विश्व के कल्याण में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि 26 मई 2014 को मैंने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उस समय भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी।



> आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। हम सभी के लिए यह गर्व की बात है कि अब हम जापान से आगे निकल गए हैं। मुझे आज भी याद है कि जब हम छठे से पांचवें स्थान पर पहुंचे थे, तो पूरे देश में उत्साह था, खासकर युवाओं में। इसका कारण यह था कि भारत ने यूनाइटेड किंगडम को पीछे छोड़ दिया था, वही देश जिसने हम पर 250 साल तक राज किया था।

# राम सेतु को घोषित किया जाए राष्ट्रीय स्मारक

## सुप्रीम कोर्ट में सुब्रमण्यम स्वामी ने दायर की नई याचिका

**नई दिल्ली।**

स्वामी ने तर्क दिया कि तमिलनाडु में पंबन द्वीप (रामेश्वरम) को श्रीलंका के तट पर मन्नार द्वीप से जोड़ने वाली चूना पत्थर की एक श्रृंखला राम सेतु, ऐतिहासिक, पुरातात्विक और धार्मिक महत्व रखती है।

पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाकर केंद्र को राम सेतु को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की उनकी लंबे समय से लंबित मांग पर निर्णय लेने का निर्देश देने की मांग की है। अपनी नई याचिका में स्वामी ने कहा कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के जनवरी 2023 के आदेश के अनुरूप सरकार को औपचारिक प्रतिनिधित्व प्रस्तुत किया था, लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। याचिका में सर्वोच्च न्यायालय से अनुरोध किया गया है कि वह केंद्र सरकार को राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण (एनएमए) के साथ मिलकर राम सेतु को प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1958 के तहत राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारक का दर्जा देने का निर्देश दे। स्वामी ने तर्क दिया कि तमिलनाडु में पंबन द्वीप (रामेश्वरम) को श्रीलंका के तट पर मन्नार द्वीप से जोड़ने वाली चूना पत्थर की एक श्रृंखला राम सेतु, ऐतिहासिक, पुरातात्विक और धार्मिक महत्व रखती है। उन्होंने कहा कि यह संरचना अधिनियम के तहत संरक्षण के लिए सभी कानूनी मानदंडों को पूरा करती है और इसे किसी भी संभावित दुरुपयोग, प्रदूषण या क्षति से बचाया जाना चाहिए। उनकी याचिका में कहा गया है, ?यह पुरातात्विक स्थल उन लोगों के लिए आस्था और श्रद्धा का विषय है जो राम सेतु को तीर्थ मानते हैं।




## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य गुलाम नबी आजाद की बिगड़ी तबीयत

**नई दिल्ली।** गुलाम नबी आजाद खाड़ी देशों के दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल एक का हिस्सा हैं। कुवैत में तबीयत बिगड़ने पर उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे बैजयंत पांडा ने कहा कि गुलाम नबी आजाद को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। उनकी हालत स्थिर है। उन्हें चिकित्सकीय देखरेख में रखा गया है और कुछ परीक्षणों से गुजरना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को बेनकाब करने भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में खाड़ी देशों की यात्रा पर गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य और जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद की तबीयत बिगड़ गई।

# भारी बारिश से केरल समेत कई राज्यों में जनजीवन अस्त-व्यस्त

**नई दिल्ली।**

भारी मानसूनी बारिश से कई राज्यों में जन-जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। एक ओर जहां फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है वहीं इससे लोगों की मौतें भी हुई हैं। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा में मंगलवार को भारी बारिश के बीच पांच लोगों की मौत हो गई। चार की डूबने से जबकि एक अन्य की मौत करंट लगने से हो गई। मुंबई में भी पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बारिश ने नांदेड़ और बीड जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर दी है। इसके अलावा मराठवाड़ा के कुछ अन्य क्षेत्रों में भी जलभराव हो गया है। राजस्व विभाग के अधिकारी ने बताया कि नांदेड़ जिले के हडगांव तहसील में बादल फटने जैसी घटना सामने आई है। दो घंटे की भारी बारिश ने लातूर शहर में भी तबाही मचाई। मुंबई में भारी बारिश से लगभग 70 पेड़ों के गिरने की घटनाएं दर्ज की गईं। भारी बारिश से केरल में भी जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई स्थानों पर रेल और सड़क यातायात बाधित हुआ है। कई स्थानों पर फसलों को भारी नुकसान हुआ है। राज्य में पिछले चार दिनों से लगातार बारिश हो रही है। तेज हवाएं भी चल रही हैं। तिरुअनंतपुरम की ओर जाने वाली वंदेभारत सहित कई अन्य ट्रेनें अपने गंतव्यों पर देर से पहुंचीं। नदियों का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। उत्तरी वायनाड जिले के कई क्षेत्रों में कई घर बाढ़ में डूब गए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने कोझीकोड, कन्नूर और वायनाड जिलों में रेड अलर्ट और पथानामथिट्टा, कोट्टायम, एनार्कुलम, इडुक्की, त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम और कासरगोड में आरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं तमिलनाडु भी भारी बारिश से प्रभावित हुआ है। नीलगिरी में लगातार तीसरे दिन हो रही बारिश से 17 घर क्षतिग्रस्त हो गए। 275 लोगों को अस्थाई राहत शिविरों में भेजा गया है।



**महाराष्ट्र में छह की मौत**

# भारत की अपील पर इंटरपोल का पहला सिल्वर नोटिस जारी




**नई दिल्ली।**

फ्रांस के दूतावास में भारतीय कर्मचारी शुभम शौकीन की वैश्विक संपत्तियों से जुड़े मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (उइक) कर रही है। जांच की इसी कड़ी में भारत की अपील पर पहली बार इंटरपोल ने सिल्वर नोटिस जारी किया है। जानिए शुभम शौकीन से जुड़ा क्या है यह पूरा मामला भारत की अपील पर इंटरपोल ने पहली बार सिल्वर नोटिस जारी किया है। वैश्विक संपत्ति से जुड़े इस मामले में फ्रांस के दूतावास में पदस्थापित अधिकारी शुभम शौकीन के खिलाफ सीबीआई जांच कर रही है। इस मामले से जुड़ा ताजा अपडेट यह है कि इंटरपोल ने भारत में वांछित दो आरोपियों के खिलाफ सिल्वर नोटिस जारी किए हैं। 23 मई को सीबीआई ने वीजा धोखाधड़ी के आरोप में नई दिल्ली स्थित एक विदेशी दूतावास के तत्कालीन कार्मिक वीजा और स्थानीय

### ■ वीजा आवेदकों को रिश्वत लेकर मुहैया कराए शेंगेन वीजा

विधि अधिकारी शौकीन शुभम के खिलाफ भारत का पहला सिल्वर नोटिस जारी करवाया। शुभम शौकीन पर आरोप है कि उन्होंने सितंबर 2019 से मई 2022 के दौरान 15 लाख रुपये से 45 लाख रुपये तक की रिश्वत लेकर कई वीजा आवेदकों को शेंगेन वीजा जारी कराए। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि वीजा धोखाधड़ी से कमाए पैसों से आरोपी ने दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में 15 करोड़ 73 लाख 51 हजार 250 रुपए यानी 7,760,500 दिरहम कीमत की छह अचल संपत्तियां खरीदी थी। इसके बाद 26 मई को सीबीआई ने ईडी के अनुरोध पर अमित मदनलाल लखनपाल के खिलाफ दूसरा सिल्वर नोटिस जारी करवाया।

## ऑपरेशन सिंदूर को लेकर उपराष्ट्रपति का बड़ा बयान

# शांति तभी सुरक्षित रहती है जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहते हैं

**नई दिल्ली।**

जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारे पास एकजुट रहने और मजबूत होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए, हमें स्वदेशी ताकत की आवश्यकता है। युद्ध को ताकत की स्थिति में टाला जाना चाहिए। शांति तब सुरक्षित होती है जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और इसलिए ताकत तकनीकी कौशल, पारंपरिक हथियारों की ताकत के अलावा लोगों से भी आती है। आज उपराष्ट्रपति के एन्क्लेव में राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम-चरण 7 के उद्घाटन सत्र में, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर ने हमारी मानसिकता को बड़े पैमाने पर बदल दिया है। हम पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हैं। और यह हमारे शांति के संदेश और आतंकवाद के प्रति हमारी पूर्ण असहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए विदेश गए प्रतिनिधिमंडलों में सभी राजनीतिक परिदृश्यों की भागीदारी में परिलक्षित होता है। और इसलिए, हाल की घटनाओं को देखते हुए, हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारे पास एकजुट रहने और मजबूत होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए, हमें स्वदेशी ताकत की आवश्यकता है। युद्ध को ताकत की स्थिति में टाला जाना चाहिए। शांति तब सुरक्षित होती है जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और इसलिए ताकत तकनीकी कौशल, पारंपरिक हथियारों की ताकत के अलावा लोगों से भी आती है। उन्होंने कहा कि संस्थाओं की तरह, राजनीतिक जनजातियों का भी राष्ट्रीय हित के प्रति नैतिक कर्तव्य है, क्योंकि सभी संस्थाओं के लिए अंतिम केंद्र बिंदु राष्ट्रीय विकास, जन कल्याण और पारदर्शिता, जवाबदेही, ईमानदारी पैदा करना है।



# अब अमेरिका में पढ़ाई मुश्किल, छात्रों के नए वीजा इंटरव्यू पर ट्रंप प्रशासन ने लगाई रोक

**नई दिल्ली।**

अमेरिका में पढ़ाई के इच्छुक छात्रों को झटका लगा है। इसके तहत ट्रंप प्रशासन ने विदेशी छात्रों की सोशल मीडिया जांच की तैयारी में नए वीजा इंटरव्यू रोक दिए हैं। साथ ही विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सभी अमेरिकी दूतावासों को नए एफ, एम और जे वीजा इंटरव्यू शेड्यूल न करने का निर्देश जारी किया गया है। अमेरिका में पढ़ाई की सोच रहे विदेशी छात्रों को एक बड़ा झटका लगा है। इसके तहत ट्रंप प्रशासन ने सभी अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को निर्देश दिया है कि वे नए छात्र वीजा इंटरव्यू फिलहाल न लें। यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि प्रशासन विदेशी छात्रों की सोशल मीडिया जांच अनिवार्य करने पर विचार कर रहा है। मामले में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की तरफ से 27 मई को हस्ताक्षरित एक आधिकारिक पत्र के अनुसार, तत्काल प्रभाव से छात्र (एफएम) और एक्सचेंज विजिटर (जे) वीजा इंटरव्यू की नई तिथियां तब तक नहीं दी जाएंगी जब तक नई गाइडलाइन जारी नहीं होती।



# भारत ड्रोन उत्पादन बढ़ाने के लिए तीन गुना करेगा निवेश

**नई दिल्ली।**

हालिया संघर्ष में बड़े पैमाने पर ड्रोन के इस्तेमाल के बाद भारत और पाकिस्तान दोनों ड्रोन हथियारों की रेस में शामिल हो गए हैं। पाकिस्तान जहां इसके लिए चीन और तुर्किए पर निर्भर है, वहीं भारत ने इसके लिए घरेलू उद्योग में निवेश करने का फैसला किया है। भारत अगले एक से दो वर्ष में घरेलू स्तर पर ड्रोन उत्पादन बढ़ाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर से पहले की तुलना में लगभग तीन गुना यानी लगभग चार हजार करोड़ रुपये (47 करोड़ डॉलर) का निवेश कर सकता है। भारत में 550 से अधिक कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले ड्रोन फेडरेशन इंडिया के स्मित शाह ने कहा कि भारत अगले 12 से 24 महीनों में ड्रोन पर 47 करोड़ डॉलर से अधिक खर्च कर सकता है। भारत ने इसी महीने आपातकालीन सैन्य खरीद के लिए 4.6 अरब डॉलर स्वीकृत किए हैं। मामले से जुड़े दो अधिकारियों ने बताया कि इसमें से कुछ राशि काम्बैट और सर्विलांस ड्रोन पर खर्च की जा सकती है।

### 15 लोगों का साक्षात्कार किया गया

'रॉयटर' ने इस संबंध में दोनों देशों में सुरक्षा अधिकारियों, उद्योग के कार्यकारी अधिकारियों और विश्लेषकों समेत 15 लोगों का साक्षात्कार किया। उनमें से दो ने कहा कि दोनों परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसियों ने ड्रोन का अधिक उपयोग किया क्योंकि छोटे पैमाने पर ड्रोन हमले सैनिकों को जोखिम में डाले बिना या अनियंत्रित तनाव को भड़काए बिना लक्ष्य को निशाना बना सकते हैं।



## संपादक की कलम से

# बिच्छू चारों तरफ

विमल नेगी मौत प्रकरण के बिच्छू चारों तरफ घूम रहे हैं और इसलिए परिस्थितियां ह्यकाटो तो खून नहींह्व जैसी होने लगी हैं। जो फाइल जांच की गरिमा में, प्रदेश की कानून व्यवस्था को प्रमाणित कर सकती थी, वहां अब कुछ पुलिस के छींटे और कुछ सियासत के धब्बे उभर आए हैं। कहीं अदालत ने अपनी आशंकाओं के चलते सीबीआई को निमंत्रण दे दिया, तो कहीं अपनी ही कसौटियों में फंसी राज्य की व्यवस्था पर सरकार के स्पष्टीकरण भी सामने आ रहे हैं। सीबीआई का ऐसे किसी प्रदेश में नाम ही काफी है, जहां सरकार विपक्षी पार्टी की धार से बनी हो। अब निष्पक्षता की दुहाई पर राज्य को अपने सरोकार दिखाते हुए, सीबीआई की अदालत तक नेक नीयत दिखानी होगी। दिल्ली से लौटे मुख्यमंत्री के वक्तव्यों में हिमाचल गूंज रहा है। वहां साफ-सफाइयों का दौर, बेवफाइयों से हर्ष महाजन का राज्यसभा पहुंचने के दौर में और भी वजह हैं कि इस दौर के टकराव को टूटने से बचाया जाए। सियासत के मंच पर गुडि ?ा कांड के बाद नेगी मौत प्रकरण का पारा चढ़ रहा है। हमलावर भाजपा ने गुडि ?ा कांड के हर पहलू से जिस तरह तत्कालीन कांग्रेस को हल्का किया था, ठीक वही दबाव आज की परिस्थियों के पल्ले पड़ा है। यहां सरकारी जांच के तीन पैमाने अगर अदालत में खनके हैं, तो डीजीपी, ओंकार शर्मा और एसपी शिमला के कृतित्व में वर्तमान राज्य सरकार का व्यक्तित्व फंसा है। ऐसा प्रतीत होता है कि अब प्रतिक्रियाओं के ऊंट अपनी करवटें बदल रहे हैं। जिस नेगी मौत प्रकरण के पीछे तीन-तीन अधिकारियों की जांच परख घूम रही थी, वह अब जांच के ऐसे दौर की ओर घूम गई है, जहां प्रदेश की व्यवस्था को अग्निपरीक्षा देनी होगी। हर अधिकारी अपने दायित्व में सांप और सीढ़ी का खेल बना कर लूडो की गिट्टियां फेंट रहा था। एक जांच के तीन मुखौटे और तीन जुबानें आखिर किसे डरा और किसे काट रही थीं, यह अब सीबीआई जांच की ऐसी परिधि है, जो हिमाचल के कानूनी दूध को छान सकती है। अंततः एक अधिकारी की संदिग्ध मौत के कारणों की जांच इतनी क्यों उलझ गई कि अदालत ने हिमाचल पुलिस की जांच को ही छानते हुए, नए सिरे से सीबीआई के सुपुर्द सारा विश्वास सौंप दिया। पुलिस बनाम अदालत के फरमान, जो कहानी पेश कर चुके हैं, वहां हिमाचल का आशंकित होना स्वाभाविक है। विमल नेगी मौत प्रकरण की आगामी जांच जिन पहलुओं पर होगी, वहां कई साये और संदेह पहले से ही मौजूद हैं। गुडि ?ा कांड के बाद नेगी मौत प्रकरण का सीबीआई तक पहुंचना पुलिस व्यवस्था पर प्रश्न उठा रहा है। हिमाचल के माहौल में आ रही गिरावट के कई कारण व पात्र हो सकते हैं, लेकिन इन सबके बीच राजनीति की अपनी गिरावट भी है। प्रदेश के आदर्श जब सियासत और सत्ता की कठपुतली बनकर नाच रहे हैं, तो शक्तियों के कई संगठन चारों तरफ दखल देना चाहते हैं। जब राज्य की पद्धतियों में राजनीतिक आचरण सबसे शक्तिशाली प्रतीक बन जाए, तो हर फर्ज और हर धर्म में इसका हस्तक्षेप बढ़ जाता है। यहां एक जांच की तीन फौजें कैसे बनीं और सरकार की जवाबदेही से हटकर, तीन अलग मोर्चे कैसे बने। जांच की साफगोई किसी एक बिंदु पर अगर निष्कर्ष ले आती, तो अदालत के सामने न्याय की परिपाटी बुलंद होती, लेकिन यहां जांच अपने आप में एक प्रसंग बन गई और इसके संबंध में अब सिर्फ बयान पर बयान और मंशा पर मंशा का मुकाबला हो रहा है।



ललित शर्मा
संपादक

## मोनिका डागा

## बीता वक्त

कविता



एहसासों के झुरमुट में बीता वक्त डोलता है,
कुछ जिंदा कुछ खत्म हुई यादों में पनपता है,
समय की कसौटी पर उलझने सुलझने लिए,
बीता वक्त मौन तोड़ मन को पीछे मोड़ देता है ।

करीने से जिसे संभालना था वो हवा हो जाता है,
जिसपे डालनी रोशनी थी वो अंधकार हो जाता है,
आज से जुदा हो कश्मकश और चेहरे पर भाव दे,
बीता वक्त समंदर की गहराई में कहीं खो जाता है ।

बिछुडना उसका हर पल रह रह कर सताता है,
नजरंदाज किया जिसे दिल में टीस दे जाता हैं,
भीतर से खाली कर जिंदगी को आगे बढ़ा कर,
बीता वक्त हाथ से फिसल बस रेत हो जाता है ।

₹आनंद₹ बना रहे, वक्त तो सुख–दुख लाता है,
भूतकाल बना हर पल को गुनगुनाता जाता है,
नींव मजबूत होगी तो ही मौसम खुशनुमा होंगे,
वरना बीता वक्त जिंदगी ही खामोश कर जाता है ।

सुखद पलों से प्यार चुरा भविष्य को सजाता है,
हौसला हिम्मत बढ़ा आत्मविश्वास को जगाता है,
समय चक्र के सामंजस्य से सटीक सांठ–गांठ बैठा,
बीता वक्त कर्म को जंजीर बना सफलता दिलाता है ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## अहिल्याबाई होलकरः 31 मई 2025 तीन सौवीं जन्म जयन्ती

# अहिल्यादेवी होलकरः दूरदर्शी एवं साहसी महिला शासक



ललित गर्ग

भारतीय संस्कृति के उज्ज्वल इतिहास के सुवर्ण पृष्ठों पर अनेक शील, शौर्य, शक्ति एवं पराक्रम संपन्न नारियों के नाम अंकित हुए हैं। शील, भक्ति, आस्था, शौर्य, शक्ति एवं धर्मनिष्ठा के अद्वितीय प्रभाव के कारण ही वे प्रणम्य हैं। ऐसी ही श्रृंखला में एक नाम है राजमाता अहिल्याबाई होलकर का, जो परम विदुषी, सनातन धर्म-शासन प्रभाविका, मातृहृदया, कुशल शासक एवं प्रबल धर्मनिष्ठा पूज्याप्रवर हैं। वे हिन्दू धर्म की उच्चतम परम्पराओं, संस्कारों और जीवनमूल्यों से प्रतिबद्ध एक महान विभूति थी, शासक रश्मि थी, सृजन रश्मि थी, नेतृत्व रश्मि थी, विकास रश्मि थी। सनातन धर्म की ध्वजवाहिका थी, एक ऊर्जा थी। उन्होंने ने न केवल कुशल-शासक व्यवस्था के मूल्य मानक गढ़े, बल्कि सामाजिकता, सेवा एवं परोपकार के नये आयाम भी उद्घाटित किये। जन कल्याण एवं सेवा के क्षेत्र में भी उन्होंने अनेक कार्य किए। भारत ऐसी ही आदर्श नारी चरित्रों की गौरव-गाथा से विश्व गुरु कहलाता था। इस वर्ष 31 मई, 2025 को उनकी जन्म जयन्ती का त्रिशताब्दी दिवस है।

कभी-कभी वास्तविक जीवन की घटनाएं कहानियों से भी अधिक अद्भुत, साहसी, रोमांचकारी एवं विलक्षण होती है। सच यह भी है कि कभी-कभी जिन्दगी की किताब के किरदार कहानियों, फिल्मों एवं उपन्यासों के किरदारों से भी कहीं अधिक सशक्त और अविस्मरणीय होते हैं। लौह महिला महारानी अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व व कृतित्व भी ऐसा ही है, जो उन्हें विश्व की श्रेष्ठतम महिलाओं की पंक्ति में अग्रणी बनाता है, जिनका भारत के इतिहास और जनमानस पर विशेष प्रभाव रहा है। वे भारतीय इतिहास की एक विलक्षण, साहसी, दूरदर्शी, दार्शनिक एवं पराक्रमी नायिका है। राजमाता अहिल्याबाई होलकर, मालवा साम्राज्य की होलकर रानी थीं। उन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी एवं साहसी महिला शासकों में से एक माना जाता है। 18वीं शताब्दी में, मालवा की महारानी के रूप में, धर्म का संदेश फैलाने में, नयी शासन-व्यवस्था स्थापित करने और औद्योगीकरण के प्रचार-प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था। अतीत से आज तक वे व्यापक रूप से अपनी बुद्धिमत्ता, साहस और प्रशासनिक कौशल के लिए जानी जाती हैं।

31 मई 1725 को जामखेड, अहमदनगर (महाराष्ट्र) के चोंडी गाँव में जन्मी अहिल्या, एक साधारण परिवार से थीं। उनके पिता मनकोजी राव शिंदे, ग्राम प्रधान थे, जिन्होंने उन्हें पढ़ना-लिखना सिखाया था। एक युवा लड़की के रूप में, उनकी सादगी और सुचरित्र के संयोजन ने, मालवा क्षेत्र के राजा मल्हार राव होलकर का ध्यान उनकी ओर आकर्षित किया। वे युवा अहिल्या से इतने प्रभावित थे कि 1733 में जब वे मुश्किल से आठ साल की भी नहीं हुई थीं, तब उन्होंने उनका विवाह अपने बेटे खंडेराव होलकर से करवा दिया। उनकी शादी के बारह साल बाद, कुम्हेर किले की घेराबंदी के दौरान, उनके पति खंडेराव की मृत्यु हो गई। अहिल्याबाई इतनी आहत हुई कि उन्होंने सती होने का फैसला कर लिया। लेकिन उनके ससुर मल्हार राव ने उन्हें इतना कठोर कदम उठाने से रोक लिया और अहिल्या को अपनी छत्र-छाया में लेकर, उन्हें सैन्य, राजनीतिक और प्रशासनिक मामलों में प्रशिक्षित किया। राज-काज की बारीकियां समझाई।

ह्यतमसो मा ज्योतिर्गमयह्व- मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। ज्योति की यात्रा मनुष्य की शाश्वत अभीप्सा है। इस यात्रा का उद्देश्य है, प्रकाश की खोज। प्रकाश उसे मिलता है, जो उसकी खोज करता है। कुछ व्यक्तित्व प्रकाश के स्रोत होते हैं। वे स्वयं प्रकाशित होते हैं और दूसरों को भी निरंतर रोशनी बांटते हैं। अहिल्याबाई ऐसा ही एक लाइटहाउस था यानी प्रकाश-गृह, जिसके चारों ओर रोशनदान थे, खुले वातायन थे। उनका चिंतन, शासन-व्यवस्था, संस्कृति-प्रेम, संभाषण, आचरण, सृजन, सेवा, परोपकार- ये सब ऐसे खुले वातायन थे, जिनसे निरंतर आलोक प्रस्फुटित होता रहा और पूरी मानवजाति को उपकृत किया। राजमाता अहिल्याबाई होलकर का जीवन अनेक संकटों एवं संघर्षों का साक्षी बना। एक के बाद एक



पहाड जैसे दुःख, आघात उन्हें झेलने पड़े। 1766 में अहिल्या के ससुर मल्हार राव का भी निधन हो गया। उसके अगले ही वर्ष, उन्होंने अपने बेटे माले राव को भी खो दिया। बेटे को खोने का दुःख उन्होंने अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राज्य और अपनी प्रजा के कल्याण को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पेशवा से, मालवा के शासन को संभालने की अनुमति मांगी। हालांकि, कुछ अभिजातों ने इसका विरोध किया, लेकिन उन्हें सेना का समर्थन प्राप्त था। सेना को उन पर पूरी श्रद्धा और विश्वास था, क्योंकि वह सैन्य और प्रशासनिक मामलों में अच्छी तरह से प्रशिक्षित थीं। उन्होंने कई मौकों पर सेना का नेतृत्व किया था और एक सच्चे योद्धा की तरह लड़ाई लड़ी थी। 1767 में, पेशवा ने अहिल्याबाई को मालवा पर अधिकार करने की अनुमति दे दी। 11 दिसंबर 1767 को वे गद्दी पर बैठीं और इंदौर की शासक बनीं। अगले 28 वर्षों तक महारानी अहिल्याबाई ने न्यायोचित, बुद्धिमत्तापूर्ण और ज्ञानपूर्वक तरीके से मालवा पर शासन किया। अहिल्याबाई के शासन के तहत, मालवा में शांति, समृद्धि, खुशहाली और स्थिरता बनी रही। साथ ही साथ उनकी राजधानी साहित्यिक, संगीतात्मक, कलात्मक और औद्योगिक गतिविधियों के एक बेहतरीन स्थान में परिवर्तित हो गई। कवियों, कलाकारों, मूर्तिकारों और विद्वानों का उनके राज्य में स्वागत किया गया, क्योंकि वे उनके काम को बहुत सम्मान दिया करती थीं।

रानी अहिल्याबाई ने अपने समय में विभिन्न दिशाओं में सृजन की ऋचाएं लिखी हैं, नया इतिहास रचा है। अपनी योग्यता और क्षमता से स्वयं को साबित किया है। नारी शासक के रूप उन्होंने एक छलांग लगाई, राज-व्यवस्था एवं उन्नत समाज संरचना को निर्मित करते हुए जीवन की आदर्श परिभाषाएं गढ़ी थीं। वह अपनी प्रजा को अपनी संतान मानती थी। उन्होंने अपने शासनकाल में कई कानूनों को समाप्त किया, किसानों का लगान कम किया, कृषि, उद्योग धन्धों को सुविधा देकर विकास के अनेक काम किए। चोर, डाकुओं एवं अन्य अपराधियों को सही रास्ते पर लाकर उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर उनकी जीवन दिशाएं बदली। रानी अहिल्याबाई महान परोपकारी, संवेदनशील एवं करूणामयी थी। राहगीरों, गरीबों, विकलांगों, साधु- संतों, पशु-पक्षियों, जीव-जंतुओं सभी का ध्यान रखती थी यहां तक कि अपने सैनिकों, कर्मचारियों के कल्याण के लिए भी वह कभी पीछे नहीं हटी। मन्दिरों का जीर्णोद्धार, पर्यावरण एवं जलसंधारण, विधि एवं न्याय व्यवस्था, नारी सम्मान और नारी शिक्षा, व्यापार, कौशल-विकास आदि उनके शासन की विशेष उपलब्धियां बनी। अहिल्याबाई का हृदय समाज के सभी वर्गों के लिए धड़कता था।

रानी अहिल्याबाई हिन्दू धर्म की पुरोधा, उन्नायक एवं रक्षक थी। उन्होंने बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम, जगन्नाथ पुरी, द्वारका, पैठण, महेश्वर, वृंदावन, सुपलेश्वर, उज्जैन, पुष्कर, पंढरपुर, चिंचवाड़, चिखलदा, आलमपुर, देवप्रयाग, राजापुर स्थानों पर मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाया तथा घाट बनवाएं और धर्मशालाएं खुलवाए, जहां लोगों को प्रतिदिन भोजन मिलता था। काशी विश्वेश्वर मंदिर के साथ-साथ पूरे देश के मंदिरों का निर्माण व पुनर्निर्माण का कार्य रानी ने करवाया। त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग में तीर्थ यात्रा के लिए विश्रामगृह, अयोध्या, नासिक में भगवान श्रीराम के मंदिरों का निर्माण, सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण, उज्जैन में चिंतामणि गणपति मंदिर निर्माण-ये सभी कार्य रानी ने दिल खोलकर किए हैं। उन्होंने कल्याणकारी व परोपकारी कार्यों द्वारा राष्ट्र निर्माण का महत्ती कार्य भी किया तथा देश में धार्मिक, सामाजिक, राष्ट्रीय एकता कायम करने के लिए सराहनीय प्रयास किए। अहिल्याबाई ने महेश्वर में वस्त्र उद्योग भी स्थापित किया, जो वर्तमान में अपनी महेश्वरी साड़ियों के लिए बहुत प्रसिद्ध है। शासन से लेकर संस्कार तक, साहित्य से लेकर समाज-निर्माण तक अनुभव गुम्फित है। न केवल राजनीति के क्षेत्र में बल्कि व्यक्ति निर्माण एवं समाज निर्माण के क्षेत्र में भी आपके विचारों का क्रांतिकारी प्रभाव देखने को मिलता है। दार्शनिक महारानी की उपाधि से सम्मानित, अहिल्याबाई का 13 अगस्त 1795 को सत्तर वर्ष की आयु में निधन हो गया। रानी अहिल्याबाई में इतिहास के गौरवशाली वीरों के गुण देखने को मिलते हैं। कोई भी महिला इतनी सर्वगुण संपन्न कैसे हो सकती है? इतिहास, वर्तमान और भविष्य में केवल एक ही नारी में इतने गुणों का समावेश होना संभव ही नहीं है।

धर्माचरण, शासन प्रबंध, विद्वानों का सम्मान व न्याय, दानशीलता ,उदार धर्म नीति, भक्ति भावना, वीरता, त्याग व बलिदान, साहस, शौर्य से परिपूर्ण रानी अहिल्याबाई युगों- युगों तक अमर रहेगी।

# भारत ने आतंकवाद के खिलाफ वित्तीय व कूटनीतिक दबाव बढ़ाया - आईएमएफ,एपीजी ,7 प्रतिनिधि मंडल के बाद अब 25 जून 2025 की एफएटीएफ मीटिंग पर लाबिंग

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ आतंकवाद के दंश से पीड़ित है, दुनियाँ के करीब- करीब हर देश में किसी ने किसी रूप या भेष में आतंकवाद सर उठाए खड़ा है जो उसे देश की उन्नति प्रगति व विकास में बाधा उत्पन्न कर रहा है, चूँकि कि हर देश की प्राथमिकता अपने देश में लॉ एंड ऑर्डर कायम रखकर अपने देश के नागरिकों का जीवन भय मुक्त बनानाहै, इसीलिए हर देश को आतंकवाद समाप्त करने में योगदान देना जरूरी है। भारत भी उन पीड़ित देशों में से एक है, लेकिन अब भारत ने आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ा जनजागरण अभियान छेड़ दिया है, व घोषणा कर दी है कि आतंकवाद व उनके आकाओं में अब हम फर्क नहीं समझेंगे, पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत द्वारा पाक को ऋण पर आपतित दर्ज कराई, फिर 7 प्रतिनिधिमंडल जिसमें 59 से अधिक सदस्य हैं, उनको पूरी दुनियाँ में आतंकवाद के खिलाफ जन जागरण करने भेजा है, अब भारत सरकार एशिया पेसिफिक ग्रुप (एपीजी) के साथ 25 जून 2025 को 40 सदस्यों वाली एफएटीएफ की मीटिंग में पक्ष रखेगी कि कैसे उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता को टेरर फंडिंग में उपयोग करते हैं। चूँकि आतंकवादी संगठनों की टेरर फंडिंग रुकेगी तो आतंकवाद का अंत होना निश्चित है, इसलिए आज मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत ने आतंकवाद के खिलाफ वित्तीय व कूटनीतिक दबाव बढ़ाया आईएफएफ एपीजी,7 प्रतिनिधि मंडलों के बाद अब 25 जून 2025 को को होने वाली एफएटीएफ मीटिंग पर लॉबीग करेगा। साथियों बात अगर हम टेरर फंडिंग रोकने आईएमएफ, 7 प्रतिनिधिमंडलों के बाद अब एपीजी व 25 जून 2025 को होने वाली एफएटीएफ मीटिंग में लॉबिंग करने की करें तो, भारत ने हाल ही में कई देशों में एक कूटनीतिककोशिशें शुरू की हैं ताकि पाक की आतंकवाद की भूमिका को वैश्विक मंचों पर उजागर किया जा सके, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और बहरीन जैसे देशों में सात प्रतिनिधिमंडल सक्रिय रूप से वैश्विक नेताओं, थिंक टैंकों और नीति निर्धारक संस्थाओं से चर्चा कर रहे हैं, इन टीमों में विभिन्न राजनीतिक दलों और समुदायों के सदस्य शामिल हैं, जो भारत का एक संयुक्त नजरिया दुनियाँ के सामने पेश कर रहे हैं, इस पहल का मकसद पाक को फिर एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालना है। अक्टूबर 2022 में,एफएटीएफ ने चार सालों की निगरानी के बाद पाक को ग्रे लिस्ट से हटाया था, लेकिन भारत का दावा है कि पाक ने इस दौरान आतंकवाद के समर्थन में अपने कदमों में सुधार नहीं किया, भारत अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं जैसे आईएमफ और विश्व बैंक से मांग कर रहा है कि वे पाकिस्तान द्वारा विदेशी सहायता के दुरुपयोग की जांच करें। साथियों बात अगर हम पाक को एफएटीएफ की होने वाली मीटिंग में लॉबिंग कर पाक को ग्रे लिस्ट में डलवाने की कवायत की करें तो, भारत ने पाकिस्तान को दोबारा एफएटीएफ की ह्यग्रे लिस्टह्व में डालने की प्रक्रिया तेज कर दी है।यह कदम आतंकवादी वित्त पोषण पर लगाम लगाने और पाकिस्तान पर वैश्विक दबाव बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। मीडिया में आई रिपोर्ट के अनुसार, भारत सरकार ने एक विस्तृत डोजियर तैयार कर लिया है जिसमें पाकिस्तान के हालिया आतंकी फंडिंग ट्रेल, और जम्मू- कश्मीर में हुई घटनाओं से जुड़ा वित्तीय नेटवर्क उजागर किया गया है। ध्यान रहे कि भारतीय कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से ऑपरेशन सिन्दूर सैन्य अभियान चला कर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को नष्ट किया गया था। उसके बाद से भारत इस मुददे पर पाकिस्तान को हर मोर्चे पर और हर स्तर पर घेर रहा है। एक प्रसिद्ध प्रिंट मीडिया के अनुसार यह डोजियर जून 2025 में होने वाली एफएटीएफ प्लेनरी मीटिंग में पेश किया जाएगा। भारत का दावा है कि पाकिस्तान ने 2022 में ग्रे लिस्ट से हटने के बाद जिन शर्तों का पालन करने का वादा किया था, उनका लगातार उल्लंघन किया है। पाकिस्तान को 2022 में ग्रे लिस्ट से बाहर निकाला गया था, सरकारी सूत्रों ने बताया कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी फंडिंग के आरोपों को उठाएगा ताकि उसे वैश्विक मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण निगरानी संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स एफएटीएफ की ह्यग्रे लिस्टह्व में वापस डाला जा सके। सूत्रों ने बताया कि भारत खास तौर पर उन कानूनी प्रावधानों का पालन न करने की ओर ध्यान दिलाएगा, जिनका पालन करने का वादा पाकिस्तान ने 2022 में ग्रे लिस्ट से बाहर आने पर किया था। सरकार इस पर विचार कर रही है। इसके अलावा, भारत जून में पाकिस्तान को विश्व बैंक की ओर से दी जाने वाली वित्तीय सहायता की समीक्षा पर भी आपत्ति जताएगा। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार एफएटीएफ में इस बात पर विचार कर रही है कि पड़ोसी देश को आतंकवादी गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता देने वाले वित्तीय प्रवाह पर अंकुश लगाया जाए। भारत को कश्मीर में अवैध धन प्रवाह कम करने में मदद मिली, पाकिस्तान को जून 2018 में ह्यग्रे लिस्टह्व में डाल दिया गया था, और अक्टूबर 2022 में इसे हटाए जाने तक ह्लबढ़ी हुई निगरानीह्व का सामना करना पड़ा। इस सूची में होने से एफडीआई और पूंजी प्रवाह पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, क्योंकि व्यवसायों को अधिक परिश्रम करना पड़ता है। सरकारी अधिकारियों ने पहले कहा था कि इससे पाकिस्तान से भारत में, खासकर जम्मू-कश्मीर में अवैध धन प्रवाह को कम करने में मदद मिली है। भारत ने इस महीने की शुरूआत में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की बोर्ड बैठक में पाकिस्तान के लिए जुलाई 2024 से शुरू होने वाले 7 अरब डॉलर के सहायता पैकेज के तहत धनराशि जारी करने पर आपत्ति जताई थी, जिसमें पड़ोसी देश द्वारा नापाक गतिविधियों और आतंकवादी हमलों के लिए धन का दुरुपयोग करने का हवाला दिया गया था। जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के लिए ग्रे लिस्ट का दर्जा मांगने के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू करने के लिए भारत को एफएटीएफ के अन्य सदस्य देशों के समर्थन की आवश्यकता होगी। दरअसल प्लेनरी एफएटीएफ का निर्णय लेने वाला निकाय है, जो साल में तीन बार, आमतौर पर फरवरी, जून और अक्टूबर में मिलता है। गौरतलब है कि एफएटीएफ के 40 सदस्य हैं, और 200 से ज्यादा अधिकार क्षेत्र एफएटीएफ -शैली क्षेत्रीय निकायों के जरिए एफएटीएफ की सिफारिशों के लिए प्रतिबद्ध हैं। पाकिस्तान एफएटीएफ का सदस्य नहीं है, बल्कि एशिया पैसिफिक ग्रुप ऑन मनी लॉन्ड्रिंग (एपीजी) का सदस्य है, जो एफएटीएफ -शैली का सबसे बड़ा क्षेत्रीय निकाय है। भारत एपीजी के साथ-साथ एफएटीएफ का भी सदस्य है।



गोंदिया

# मीरगंज विधायक डॉ डीसी वर्मा द्वारा पॉलिटेक्निक की छात्राओं को वितरित किए गए टैबलेट

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक सीबीगंज में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना अंतर्गत मंगलवार को छात्राओं के लिए टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल पात्र 79 छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। यह टेबलेट वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि मीरगंज विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा, विशिष्ट अतिथि रमेश सागर उप प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर के साथ संस्था की प्रधानाचार्य इंजीनियर नमिता वर्मा की गरिमामय उपस्थित में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मीरगंज विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र के साथ स्वास्थ्य एवं रोजगार के लिए समाज के प्रत्येक तबके को साथ लेकर चलने का काम कर रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान योजना को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है, वही 100% गरीब लोगों को पक्के घर का सपना भी पूरा करने के लिए हमारी सरकार संकल्पित है। उन्होंने कहा कि जब भी मुझे मौका मिलता है मैं शैक्षणिक संस्थानों में जाकर बच्चों के साथ संवाद स्थापित करता हूं और उनकी समस्याओं को समझ कर उनके निराकरण करने के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं। यदि आपको भी किसी प्रकार की कोई समस्या हो, तो आप सीधे मुझसे संपर्क कर सकते हैं निश्चित ही आपकी समस्या का समाधान किया जाएगा। पहलगाम में हुए आतंकी हमले और देश द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विधायक मीरगंज डॉक्टर डीसी वर्मा ने छात्राओं के साथ विस्तृत रूप से चर्चा की। इस अवसर पर राजकीय महिला पॉलिटेक्निक की प्रधानाचार्य नमिता वर्मा ने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज जो टैबलेट आपको दिए गए हैं उनकी असली कीमत तभी वसूल की जा सकती है जब आप इसका प्रयोग अपने शैक्षणिक अधिगम को बढ़ाने में करें, न कि सोशल मीडिया चलाने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाए। सरकार द्वारा दी गई टैबलेट आपको तकनीकी रूप से मजबूत करने की मंशा के अनुरूप दिए गए हैं इसलिए आपको तकनीकी रूप से इसका प्रयोग अपने शिक्षा और विषय वस्तु के लिए करना चाहिए। इस कार्यक्रम में कुल 79 छात्राओं को टेबलेट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम का कुशल संचालन इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर शर्मिला व्याख्याता द्वारा किया गया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान राजकीय महिला पॉलिटेक्निक के सभी प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

## अवैध प्लाटिंग ध्वस्त किया गया

**बुलंदशहर।** डा० अंकुर लाठर, उपाध्यक्ष, बुलन्दशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण, बुलन्दशहर के निर्देशन में शिकारपुर विकास क्षेत्रान्तर्गत, शिकारपुर में विकास प्राधिकरण के सचल प्रवर्तन दल के द्वारा शिकारपुर तहसील परिसर की बाउण्ड्रीवाल के साथ वाले रास्ते पर लगभग आठ बीघा भूमि पर शुभम सिंघल पुत्र आनन्द कुमार सिंघल तथा ग्राम सरगांव, सरस्वती विद्या मंदिर के आगे बुलट सर्विस सेन्टर के सामने लगभग पंद्रह बीघा भूमि पर आनन्द कुमार सिंघल द्वारा की जा रही अवैध प्लॉटिंग तथा ग्राम सरगांव स्थित एच०पी० पेट्रोल पम्प के सामने, शिकारपुर पर लगभग तीन-चार बीघा भूमि पर सचिन जैन द्वारा की गई अवैध प्लॉटिंग को मौके पर ध्वस्त किया गया।

उक्त अवैध निर्माण व विकास कार्य को बुलन्दशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण की सक्षम प्राधिकारी, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं अन्य स्टाफ द्वारा पुलिस बल की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण किया गया।

# पंजाब नेशनल बैंक की ओर से छबील लगाकर शरबत पिलाया



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** पंजाब नेशनल बैंक की ओर से राहगीरों को छबील लगाकर शरबत पिलाया गया। 25 मई से 9 दिन के तपे चल रहे हैं इन 9 दिन अधिक गर्मी पड़ती है। पंजाब नेशनल बैंक नूरपुर के मैनेजर धर्मराज की ओर से छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। इस मौके पर अजीत कुमार पांडे (सर्किल हेड बिजनौर), सुमन शर्मा (मार्केटिंग हेड), आलोक कुमार प्रबंधक एलबीबीएस कॉलेज गोहावर, मनदीप सिंह प्रबंधक गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल, मास्टर अनिल कुमार, सुशील कुमार, अनुराग राजपूत (मेट लाइफ सर्किल हेड), अर्पित कुमार (जूनियर मैनेजर ढठइ), अमित कुमार (लोन डिपार्टमेंट), योगेंद्र सिंह सहित बैंक का स्टाफ मौजूद रहा।

# जिंदगी

जिंदगी एक अनसुलझी पहेली है।
हर दिन है नया रंग,हर दिन नई नवेली है।

कभी कष्टों के बादल हैं तो,
कभी खुशी की है वर्षा।
कभी धुधं है कोहरे की तो,
कभी सूर्य की किरण फैली है।
हर दिन है नया रंग, हर दिन नई नवेली है सच में..............
जिंदगी एक अनसुलझी पहेली है।।

कभी हंसी के फव्वारे तो,
कभी आंसू की नदियां हैं।
कभी बन जाती है दुश्मन तो,
कभी बनती प्रिय सहेली है।
हर दिन है नया रंग, हर दिन नई नवेली है। सच में...............
जिंदगी एक अनसुलझी पहेली है।।

कभी हरी है सावन सी तो,
कभी पीली है पतझड़ सी।
कभी हैं मेले लोगों के तो,
कभी दूर तलक तन्हाई फैली है।
हर दिन है नया रंग, हर दिन नई नवेली है।
सच में..............
जिंदगी एक अनसुलझी पहेली है।।

कभी सरल है मार्ग बहुत तो,
कभी कठिनाइयों के पहाड़ खड़े।
परंतु हिम्मत नहीं हारना ही,
सर्वोत्तम जीवन–शैली है।
हर दिन है नया रंग, हर दिन नई नवेली है। सच में..............
जिंदगी एक अनसुलझी पहेली है।।



डॉ. उदिता राजपूत
चान्दपुर (बिजनौर)

# राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप में बच्चों ने सीखे नए कौशल

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** राजकीय इंटर कॉलेज टांडा में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित समर कैंप में बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर नए कौशल सीखे। मंगलवार को स्थानीय पुलिस द्वारा साइबर क्राइम और सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई, जबकि प्रधानाचार्य अरविंद कुमार भास्कर ने बैंक और पोस्ट ऑफिस में होने वाले कार्यों के बारे में बताया। नगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप में प्रतिदिन योगासन, रस्सा कशी, रस्सी कूद, रंगोली बनाना, स्काउट गाइड के नियम, कंप्यूटर की जानकारी, पोस्टर बनाना, लिफाफा बनाना, शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, वाद विवाद प्रतियोगिता और लोकनृत्य जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को कैंप में शामिल छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नए अनुभव प्राप्त किए। अंत में सभी को रिफ्रेशमेंट भी कराया गया। कैंप में शादाब, संतोष कुमार, राजकुमार, आशुतोष यादव, मेहनाज फातिमा आदि शिक्षक उपस्थित रहे। कॉलेज प्रधानाचार्य अरविंद भास्कर ने बताया कि समर कैंप का आयोजन 21 मई से प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे से 11:00 बजे तक किया जा रहा है।

# फसलों को कीटों और पशुओं से बचाने के लिए करें नीम के तेल का छिड़काव

वेलकम इंडिया

**गुलजार आलम खान।** रामपुर जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्री कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि फसलों को कीटों तथा पशुओं से बचाने के लिए जनपद को पहली बार 262 लीटर नीम का तेल मिला है। कृषकों को इसकी खरीद पर 75 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। नीम के तेल को फसलों में डालने पर गंध आएगी और तने एवं पत्तियों का स्वाद कड़वा हो जाएगा। इसलिए न तो कीट पौधों का रस चूस पाएंगे और न नीलगाय सहित अन्य पशु फसल को नष्ट कर पायेंगे। नीम का तेल कीटों तथा पशुओं से फसलों को बचाने के लिए प्रभावी है इसलिए ही किसानों को प्रत्येक ब्लॉक की कृषि रक्षा इकाई पर नीम का तेल उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि इसका मूल्य प्रति लीटर 263 रुपए है, जिस पर 75 प्रतिशत अनुदान मिलेगा, जिसे प्रति हेक्टेयर 2.5 लीटर नीम के तेल को 500 लीटर पानी में मिलाकर फसलों पर स्प्रे करें। नीम के तेल का कड़वा स्वाद व गंध कीटों और पशुओं को फसल के पास आने से रोकेगी। नीम के तेल का प्रयोग सब्जियों में जैसे भिंडी, बैंगन, आलू, टमाटर, लौकी आदि फसलों पर कीटनाशक रसायन के बजाय कीटों से बचाव के लिए नीम के तेल का प्रयोग किया जा सकता है।

# महिला पॉलिटेक्निक में कक्ष निरीक्षक के पद पर ज्वॉइन न करने के कारण बीएसए ने रोका शिक्षकों का वेतन

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता




**बरेली।** बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं को विभाग के एक आदेश ने मुसीबत में डाल दिया है, इसके पीछे की वजह दरअसल यह है कि राजकीय महिला पॉलिटेक्निक में सेमेस्टर परीक्षाएं संचालित हो रही है जिनके लिए कक्ष निरीक्षकों की आवश्यकता है, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक सीबीगंज की तरफ से बेसिक शिक्षा परिषद से अध्यापकों की मांग की गई थी, जिससे परीक्षाएं आसानी से संपन्न कराई जा सकें। इसको लेकर विभाग द्वारा परिषदीय विद्यालय बंद होने से पहले कुछ अध्यापकों की ड्यूटी कक्ष निरीक्षक के रूप में लगाते हुए संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश भेज दिया गया था, लेकिन वह आदेश अध्यापकों तक नहीं पहुंच सका, शिक्षकों का कहना है कि आदेश उन्हें रिसीव नहीं कराया गया केवल व्हाट्सएप के माध्यम से इधर से उधर घूमता रहा। नतीजन अधिकांश अध्यापकों ने राजकीय महिला पॉलिटेक्निक जाकर ड्यूटी रिसीव नहीं की। जिसके बाद बीएसए बरेली द्वारा एक आदेश जारी किया जाता है जिसमें जिन शिक्षकों ने ड्यूटी रिसीव कर पॉलिटेक्निक में जाकर ज्वाइन नहीं किया है उनके वेतन को अवरुद्ध किया जाता है। यह आदेश जारी होने के बाद छुट्टी मनाने के लिए बाहर गए अध्यापक भी वापस आ गए और राजकीय महिला पॉलिटेक्निक जाकर ड्यूटी ज्वाइन कर ली। इस घटनाक्रम को लेकर अधिकांश अध्यापकों का कहना है कि जब विभाग द्वारा किसी भी प्रकार का आदेश जारी किया जाता है तो वह अध्यापकों तक समय से नहीं पहुंचता, जिस कारण इस प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वही शिक्षकों का यह भी कहना है कि हमारे वार्षिक कैलेंडर के अनुसार हमारी छुट्टी 20 मई से लेकर 14 जून तक निर्धारित की गई है और वह हमने नहीं, विभाग द्वारा ही निर्धारित की गई है।

# गोवशों के अवशेष देखकर भड़के हिंदू संगठन, मौके पर पहुंची पुलिस ने दिया कार्यवाही का आश्वासन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में रेलवे फाटक धनेटा के पास भाखड़ा नदी के किनारे एक दर्जन गोवंशो के अवशेष की सूचना पर पहुंचे राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने गौकशी को लेकर आक्रोश जताया। उन्होंने थाना फतेहगंज पश्चिमी में तहरीर देकर कहा है कि मंगलवार को धनेटा फाटक के पास भाखड़ा नदी के किनारे एक दर्जन गोवंशो के अवशेष पड़े हुए मिले हैं जिन्हें कुछ लोगों ने गौकसी कर उनका पूरा शरीर काटकर ले गए, और मौके पर सिर व उनकी खाल बरामद की गई है। इस घटना से पूरे हिंदू जनमानस में भारी आक्रोश उमड़ रहा है। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष रोहित गंगवार ने मांग की है कि जल्द से जल्द गौकशी करने वाले लोगों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष एएचपी अमित गंगवार, प्रेम शंकर, विजय, सचिन कुमार गुप्ता, सोमपाल, सुमित, रवि, अमन, राहुल, गजेंद्र सिंह, मोहित, कौशल, मुनीश आदि लोग उपस्थित रहे।

# नाकाम इश्क बना मौत की वजह

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर :** एक प्रेम प्रसंग का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां निकाह का सपना अधूरा रह गया, तो पहले प्रेमी ने फांसी लगाकर जान दे दी फिर प्रेमिका ने भी आत्महत्या कर लिया। यह नाकाम मोहब्बत दर्दनाक अंजाम तक पहुंच गई, जो शुरू तो मोहब्बत और जिंदगी के हसीन सपने देखते हुए हुई थी। वह खामोशी और जुदाई पर खत्म हुई। यह घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दानिश 23 वर्ष पुत्र मुस्तकीम अहमद निवासी कासमपुर बिल्लौच थाना शिवाला कला जनपद बिजनौर का निवासी है जिसकी ननिहाल अमरोहा में है जहां उसका आना जाना लगा रहता था। बस वहां उसे एक लड़की शमा से उसे प्रेम हो गया और प्रेम प्रसंग चालू हो गया। लेकिन लड़की के परिजन दानिश से शादी करने के लिए राजी नहीं थे। इस कारण दानिश परेशान था। इसी के चलते यह दुखद घटना हो गई। निमार्णाधीन मकान के बाथरूम में बिजली के तार से फंदा बनाकर आत्महत्या की, उसके हाथ पर प्रेमिका का नाम गुदा था युवक दानिश का शव लटका मिला। वहीं उसकी मौत की खबर सुनकर अमरोहा में प्रेमिका की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल की जांच कर जानकारी जुटाई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। दानिश ने गले में बिजली के तार का फंदा लगाकर आत्महत्या की। हालांकि परिजन शव का पोस्टमार्टम नहीं कराने की मंशा जता रहे थे लेकिन बाद में उन्होंने पोस्टमार्टम कराने के लिए कह दिया। देर शाम शव के गांव पहुंचने पर उसे सुपुर्द खाक कर दिया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि मृतक पांच भाई बहनों में दूसरे नंबर का था। वह पढ़ाई के साथ-साथ लकड़ी का काम करता था।

सीओ चांदपुर देश दीपक सिंह ने बताया कि घटनास्थल का मुआयना कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हालांकि शुरू में परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया लेकिन बाद में उन्होंने पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया देर शाम मृतक के शव को सुपुर्द खाक कर दिया।

# 02 बच्चो को रेस्क्यू कर मेडिकल परीक्षण कराकर बालश्रम से मुक्त कराकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी

वेलकम इंडिया



**गुलजार आलम खान।** रामपुर पुलिस अधीक्षक रामपुर के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर के कुशल निर्देशन में थाना अऌळव, श्रम विभाग, चाइल्ड लाइन संयुक्त टीम जनपद रामपुर पुलिस द्वारा होटल, ढाबा, मोटरसाइकिल दुकान, कपड़ा शोरूम आदि दौराने चेकिंग थाना क्षेत्र गंज मे मोटरसाइकिल शोरूम आदि से 02 बच्चो को रेस्क्यू कर मेडिकल परीक्षण कराकर बालश्रम से मुक्त कराकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। जिसमें चाइल्ड ट्रैफिकिंग, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बच्चों में नशे की लत एवं बाल विवाह के संबंध में आम जनमानस को जागरूक किया गया तथा टोल फ्री नंबर 1090/ 1098/ 1076/ 112/ 108/ 181/ 102 के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। बालश्रम रोकथाम के सम्बन्ध मे मेडिकल स्टोर, मुख्य चौराहों, होटल, ढाबा मालिकों को हिदायत दी गयी कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए, ऐसा करना दंडनीय अपराध है।

# बिजली कर्मियों का विरोध प्रदर्शन जारी: पावर कार्पोरेशन प्रबंधन पर हठवादी रवैया अपनाने और हड़ताल थोपने का आरोप

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों का विरोध प्रदर्शन सातवे दिन भी जारी रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता इं0 लक्ष्मण मिश्र जी ने किया और कहा कि निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों का तीन घंटे का व्यापक विरोध प्रदर्शन आज सातवें दिन भी जारी रहा। संघर्ष समिति ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि प्रबंधन निजीकरण की जिद पर अड़ा हुआ है, हठवादी रवैया अपना रहा है और शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे बिजली कर्मियों पर हड़ताल थोपना चाहता है। संघर्ष समिति ने जोर देकर कहा है कि निजीकरण की आड़ में अरबो रुपए के घोटाले की तैयारी है।

संघर्ष समिति के पदाधिकारी इं0 राजेश कुमार ने कहा कि संघर्ष समिति की हड़ताल करने की अभी कोई नोटिस नहीं है किन्तु पावर कारपोरेशन के चेयरमैन, मुख्य सचिव को और शासन के बड़े अधिकारियों को पत्र भेज कर गुमराह कर रहे हैं, कि बिजली कर्मी हड़ताल पर जाने वाले हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि चेयरमैन द्वारा बरेली में 4 संविदा कमीयों को बर्खास्त आदेश जारी किए जा रहे है जिससे अनावश्यक तौर पर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति का वातावरण बन रहा है। संघर्ष समिति के पदाधिकारी इं0 धनन्जय सिंह ने कहा कि झूठा शपथ पत्र देने वाले ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन, जिस पर अमेरिका में पेनल्टी लगाई गई है, पर कार्यवाही करने के बजाय पावर कॉरपोरेशन संविदा कर्मियों की बड़े पैमाने पर छटनी रहा है और टकराव का वातावरण बना रहा है। संघर्ष समिति के पदाधिकारी सुनील प्रजापति ने कहा कि टेंडर मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष के रूप में निदेशक वित्त निधि नारंग का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। नए निदेशक वित्त पुरुषोत्तम अग्रवाल ने निजीकरण में हो रहे बड़े घोटाले को देखते हुए कार्यभार ग्रहण करने से मना कर दिया है। अब निधि नारंग को दूसरी बार कार्य विस्तार दिया जा रहा है क्योंकि निधि नारंग अवैध ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन को क्लीन चिट देने के लिए तैयार हो गए हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव, जो शासन के सबसे बड़े अधिकारी हैं और एनर्जी टास्क फोर्स के अध्यक्ष है, को तत्काल कार्यवाही कर अवैध ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति को रद्द करना चाहिए। संघर्ष समिति के पदाधिकारी इं0 के0एन0 शुक्ला ने कहा कि बिजली कर्मी शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे हैं। ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति रद्द कर दी जाए और निजीकरण का निर्णय वापस ले लिया जाए तो बिजली कर्मी कोई आंदोलन नहीं करेंगे।

# डिजिटल युग में कानूनी चुनौतियों का समाधान करता है साइबर सेल - इंद्र भूषण सिंह

**वेलकम इंडिया**




**संत कबीर नगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर ए. एच. एग्री. इंटर कालेज दुधारा में आयोजित समर कैंप के छठवे दिन छात्र छात्राओं को दुधारा थाने का भ्रमण कराया गया। थानाध्यक्ष इंद्र भूषण सिंह ने महिला अपराध, साइबर अपराध, बाल अपराध व एफआईआर के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी व संचालन शिक्षक कमरे आलम ने किया।

थानाध्यक्ष दुधारा इंद्र भूषण सिंह ने कहा कि डिजिटल युग में विभिन्न कानूनी चुनौतियों का समाधान करने के लिए साइबर कानून महत्वपूर्ण है। यह व्यक्तियों, संगठनों और सरकारों को साइबर अपराधों से बचाने में मदद करता है, गोपनीयता और डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करता है, और इंटरनेट पर व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए ऑनलाइन गतिविधियों को नियंत्रित करता है। उप निरीक्षक राजेश कुमार दुबे ने कहा कि महिला सुरक्षा का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को शारीरिक और मानसिक हिंसा से बचाना है, जैसे कि घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, और कार्यस्थल पर उत्पीड़न को रोकना है। महिलाओं को सुरक्षित सार्वजनिक स्थान, सार्वजनिक परिवहन और कार्यस्थल में रहने का अधिकार होना चाहिए। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानूनी ढाँचे और नीतियाँ आवश्यक हैं। महिला सुरक्षा के लिए समाज के दृष्टिकोण में बदलाव भी आवश्यक है। शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से, महिलाओं के प्रति सम्मान और समानता को बढ़ावा दिया जा सकता है। समर कैंप के प्रारंभ में शिक्षक जुबेर अहमद ने बच्चों को योगाभ्यास कराया। बच्चों को मयूर आसान, बज्र आसान, वृक्ष आसान, सूर्य नमस्कार व प्राणायाम के तरीकों की जानकारी दी और उनसे अभ्यास भी कराया गया।

# पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल



**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर बेमौसम आई आंधी तूफान से विधानसभा क्षेत्र अनूपशहर के गांव सिरोरा में हुई युवक की मौत व घायलों के परिजनों को जिलाध्यक्ष जियाउररहमान, जिला महासचिव/डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर शामली ज्ञानेंद्र सिंह राघव के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर सांत्वना देते हुए सरकार द्वारा प्रभारी मंत्री व प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में चार लाख के आर्थिक मदद की घोषणा के उपरांत पीड़ित परिवार के पास घोषणा व मंत्री जी के बयान के 72 घंटे बाद भी धनराशि न मिलने पर आक्रोशित ग्रामीणों व पीड़ित परिजनों ने कांग्रेस नेताओं से पीड़ित को न्याय दिलाने तथा अधिकारियों पर झूठ बोलने का आरोप लगाया जिस पर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा एवं जिलाध्यक्ष जियाउर रहमान ने उप जिलाधिकारी प्रियंका गोयल से वार्ता कर ना काफी आर्थिक मदद कर तत्काल दिलवाने सहित 10 लाख मुआवजा दिलाए जाने की बात की जिस पर उपजिलाधिकारी प्रियंका गोयल द्वारा 24 घंटे में आर्थिक मदद पीड़ित के खाते में दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

# श्री श्याम महोत्सव के उपलक्ष्य में 1251 श्रद्धालु महिलाओं ने एक जैसी वेशभूषा उठाई : प्रधान जगदीश राय मित्तल

**वेलकम इंडिया**



**हांसी ।मनमोहन शर्मा।** श्री श्याम मंदिर के 53वें श्री श्याम महोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को शहर के मुख्य बाजारों में एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें 1251 श्रद्धालु महिलाओं ने श्री श्याम का जयघोष करते हुए मंदिर परिसर से एक जैसी वेशभूषा में कलश उठाये।

कलश यात्रा का नेतृत्व श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश मित्तल व अध्यक्षता अरुण मित्तल बागड़ी और उनकी धर्मपत्नी सुरेखा मित्तल (सुरेखा साड़ी) दिल्ली वालों ने की। कलश यात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया और दुकानदारों ने विभिन्न प्रकार की स्टालें लगाकर भक्तों को व्यंजन, ठंडा व मीठा पानी पिलाया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश मित्तल ने बताया कि श्री श्याम महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में बहुत उत्साह है कल बुधवार को भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। 29 मई को शहर में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकलेगी। यात्रा में इस्कान बहादुरगढ़, रोहतक और हिसार के भक्त हरिराम नगर संकीर्तन करेंगे। 30 मई को श्री श्याम रथ सवारी निकलेगी। रथ सवारी के दौरान मंदिर प्रांगण से तोरणद्वार तक भव्य इलेक्ट्रिक आतिशबाजी की जाएगी और 31 मई को पीसीएसडी स्कूल के प्रांगण में विशाल श्री श्याम जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण में चंडीगढ़ से कन्हैया मित्तल, कलकत्ता से सौरभशर्मा, जयपुर से आयुष सोमानी व फतेहाबाद से परविंदर पलक बाबा का गुणगान करेंगे। वहीं 1 जून को आयोजित एक शाम सावरें के नाम में साध्वी पूर्णिमा श्याम भक्तों को अपने गीतों से सराबोर करेंगी। आज मंदिर में श्याम नाम की मेहंदी के मौके पर प्रधान जगदीश राए मित्तल, विनय जैन, भागवत स्वरूप सिंगल, महेन्द्र गर्ग, गौरव जैन, लछमी कांत गर्ग, पप्पू खरडिया, मोहित मित्तल, सुनील, अजय कम्बरी, सुनील जैन, सुनील मित्तल, अनिल गोयल, राघव गोयल (प्रवक्ता सहित काफी संख्या में श्याम भगत उपस्थित रहे।

# जन जन तक पहुनचाने के लिए पार्टी की नीतियों को का प्रचार प्रसार बढ़ चढ़ कर करने का आह्वान किया



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

नजीबाबाद शिक्षक विधायक डॉ हरि सिंह ढिल्लों ने सरकार की उपलब्धियां की चर्चा की, कार्यकताओं की कुशलता लेकर उनसे पार्टी की नीतियों के प्रचार प्रसार करने की अपील की बरेली मुरादाबाद खंड से शिक्षक विधायक/सदस्य विधान परिषद डॉ हरि सिंह ढिल्लों ने नजीबाबाद पहुंचकर भाजपा कार्यकताओं से मुलाकात कर केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन उपयोगी योजनाओं का लाभ उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता निष्ठा राजनीतिक पार्टी है कार्यकर्ता निरंतर समाज के बीच में रहकर समाज सेवा के कार्य करते रहते है उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है आज हम जापान को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं इसका श्रेय हमारे प्रधानमंत्री जी को है ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने उत्तर प्रदेश सरकार की अनेक जनहित योजना की चर्चा की मुख्यमंत्री महन्त योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में हम निरंतर नजीबाबाद क्षेत्र के विकास कार्य को करने में सफल हो रहे हैं।

# कांग्रेस ने पुण्यतिथि पर याद किए पंडित नेहरू, संविधान बचाने की लड़ाई लड़ने का संकल्प

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर ।** भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री, महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित जवाहर लाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने नेहरू पार्क पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने देश के प्रथम प्रधानमन्त्री को याद कर उनके दिए संविधान को बचाने की लड़ाई में संघर्ष करने और मजबूती से लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। कांग्रेसियों ने चौक बाजार स्थित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पंडित नेहरू अमर रहें, अमर रहें। पंडित नेहरू का योगदान, याद रखेगा हिंदुस्तान जैसे नारे लगाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष एड. जियाउर्रहमान ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेहरू ने आधुनिक भारत के निर्माण का रास्ता बनाया था और देश को सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक रूप से मजबूत किया था। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू ने आइआइटी, एम्स, इसरो और तमाम सार्वजनिक उपक्रम लगाकर आधुनिक भारत की नींव रखी थी। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू सामाजिक सद्भाव और भाईचारे के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पंडित नेहरू की विरासत को आगे बढ़ा रही है, देश कांग्रेस से उम्मीद लगाए बैठा है।

# शहीद करतार सिंह सराभा का 139वां जन्म दिवस स्थानीय बजरंग आश्रम में मनाया गया

**वेलकम इंडिया**



**हांसी ।मनमोहन शर्मा।** शहीद भगत सिंह संगठन समिति के प्रधान सरदार कृष्ण ईलावादी की अध्यक्षता में शहीद करतार सिंह सराभा का 139वां जन्म दिवस स्थानीय बजरंग आश्रम में किशोरी नागपाल के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आए हुए सभी साथियों ने शहीद करतार सिंह सराभा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये तथा करतार सिंह सराभा अमर रहे के गगनभेदी नारों से आकाश गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मन्नु भाई ड्रेस वाला थे। उन्होंने भी शहीद करतार सिंह सराभा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। प्रधान सरदार ईलावादी ने कहा कि मात्र 19 साल की उम्र में करतार सिंह सराभा को फांसी दे दी गई। फांसी 16 नवम्बर 1915 को लाहौर में दी गई। शहीद भगत सिंह, शहीद करतार सिंह सराभा के सच्चे भक्त थे क्योंकि वे हर समय उनकी प्रतिमा को अपनी छाती से लगाकर रखते थे। उन्होंने मांग की कि जो भारत में रहने वाला चाहे वो किसी भी सम्प्रदाय का हो अगर वो भारत के साथ गद्दारी करता है तो उसे सरे आम फांसी पर चढ़ा देना चाहिए ताकि यह ओर जनता के लिए एक नजीर बन सके। हंसराज खेत्रपाल ने कहा कि इन शूरवीरों ने अपनी छोटी-छोटी उम्र में जो देश की आजादी के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया उसकी वजह से आज हम ठण्डी हवा में सांस ले रहे है और आजादी का जीवन जी रहे है। मैडम मोनिका जांगड़ा ने कहा कि काश, शहीदों का शहीदी दिवस व जन्म दिन एक पर्व की तरह भारत में मनाया जाता। इस अवसर पर सुभाष महता, मन्नु भाई ड्रेस वाला, रमेश चुघ, अजय भारद्वाज, डॉ. मुन्ना अरोड़ा, रामधन ठकराल, रामसरूप खट्टर, संजय मुंजाल, किशोरी नागपाल, मोनिका जांगड़ा, हंसराज खेत्रपाल, हमेश खुराना, देसराज सोनी, कश्मीरी लाल ग्रोवर, हरबंस नागपाल, कालु राम सिधर, हरीश पपनेजा, जगन्नाथ चैपड़ा, सन्नी नायक, कर्मवीर पुट्ठी, आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत जनपद में 28 मई को लगेगा एक दिवसीय रोजगार मेला

**वेलकम इंडिया**

**गुलजार आलम खान।** रामपुर प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी श्री सत्यपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत जनपद के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सेवायोजन विभाग द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 28 मई 2025 को प्रातः 10:30 बजे से पुरानी तहसील परिसर रामपुर में किया जायेगा। रोजगार मेले में पहाड़पुर 3पी प्राइवेट लिमिटेड, एलिन इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं सुप्रजीत इंजीनियरिंग लिमिटेड कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सेवायोजित हो सकते है। प्रतिभागी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। साक्षात्कार के दौरान फोटो एवं समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आवश्यक है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर बेरोजगार अभ्यर्थी का पंजीयन होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग हेतु अपनी योग्यतानुसार अपना पंजीयन अवश्य कराएं तथा मेले में प्रतिभाग करने वाली किसी भी कम्पनी पर आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला पूर्णतया निःशुल्क है।

# जिला स्तरीय उद्योग बंधु की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में सिकंदराबाद एवं खुर्जा औद्योगिक क्षेत्र के उधमियों द्वारा विगत बैठक में अपनी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु दिए गए आवेदन पत्रों पर संबंधित विभागों के द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी श्रुति ने निर्देशित करते हुए कहा कि उद्यमियों की प्राप्त होने वाली समस्याओं को प्राथमिकता पर लेकर उनका निस्तारण किया जाए। दोनों औद्योगिक क्षेत्रों में जो भी कार्य सम्बंधित विभागों द्वारा कराए जाने है उनकी कार्य योजना बनाकर कार्यवाही की जाए। औधोगिक क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। बारिश के मौसम से पूर्व नालों की सफाई भी कराई जाए, जिससे जल जमाव की कोई समस्या न हो। विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को संबंधित उद्यमी से वार्ता कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में उद्यमियों द्वारा उठाए गए प्रकरणों का संबंधित विभागों के द्वारा निस्तारण करने के निर्देश संबंधित को दिए गए। साथ ही जिलाधिकारी श्रुति ने एकल विंडो सिस्टम/निवेश मित्र पोर्टल से प्राप्त विभिन्न प्रकार के उद्योग सम्बंधी कार्यों को समयावधि पूर्व ही निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी निशा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री दया शंकर सिह ने विकास एवं योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ की बैठक

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** परिवहन मंत्री/जनपद के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय विकास भवन सभागार में विकास कार्यक्रमों एवं योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि राय साहब, जिला विकास अधिकारी के0एन0 पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, शिक्षक विधायक के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रभारी मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के कार्यो को लेकर समीक्षा की और कहा कि जो भी सड़कों के निर्माण होने के प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों से प्राप्त हुये थे उस क्या कार्यवाही की गयी तो बताया गया कि वर्ष 2025-26 के कुल 918 कार्य प्रस्तावित है जिसकी कार्ययोजना बनाकर लखनऊ भेजा चुका है। डीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी प्रस्तावित सड़कों का इस्टीमेट बनाना प्रारम्भ करें और इसकी साप्ताहिक समीक्षा भी करते रहे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र के अन्तर्गत दिये गये प्रस्ताव के सम्बन्ध में जानकारी ली। प्रभारी मंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों की जो भी समस्यायें है उसका समाधान प्राथमिकता पर किया जाये। सिंचाई विभाग की समीक्षा में नहरों के सिल्ट सफाई की जानकारी ली और निर्देशित किया कि नहरों की साफ-सफाई सही ढंग से करायी जाये और नहरों में पानी समय से छोड़ा जाये जिससे किसान समय से धान की बुवाई कर सके। टेल में पानी छोड़ने की प्रस्तावित तिथि 20 जून बतायी गयी।

# भूमाफियाओं द्वारा प्लॉट दुकान देने के नाम पर 8 करोड रुपए की ठगी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नजीबाबाद पीड़ितों ने उप जिलाधिकारी नजीबाबाद को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार नजीबाबाद को दिया व पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बिजनौर के आदेश पर क्षेत्रीधिकारी नजीबाबाद को अपने अपने प्रार्थना पत्र व सभी सबूत जमा किए पीड़ित लोगों ने बताया कि महादेवपुरम 1,2,3, मोटा महादेव मंदिर जटपुरा रोड व आशियाना कॉलोनी कोतवाली में प्लॉट व दुकान देने के नाम पर शावेज पुत्र असलम निवासी मोहल्ला राईयान कस्बा जलालाबाद थाना नजीबाबाद आसिम पुत्र कासिम निवासी मोहल्ला हसनपुरा कस्बा व थाना किरतपुर अभिषेक गुप्ता पुत्र श्री विमल गुप्ता निवासी ग्राम अरजानीपुर पोस्ट पड़ला जनपद बिजनौर आदि ने मिलकर षड्यंत्र के तहत छल कर करीब 8 करोड रुपए की ठगी की है सभी लोगों के पास उपरोक्त कॉलोनाइजर द्वारा दिया गया कॉलोनी का बुकिंग कार्ड एग्रीमेंट तथा कुछ लोगों के पास आरोपियों द्वारा दिए गए रिटर्न चेक भी मौजूद हैं पीड़ित लोगों ने उपरोक्त मुलजिमान को लाखों रुपए बैंक के द्वारा व लाखों रूपए नकद दे रखे हैं और अधिकतर लोगो के अपने प्लॉट व दुकान की पूरी रकम देने के बाद भी बैनामा नहीं किया गया उपरोक्त मुलजिमान का एक पार्टनर शावेज फरार हो गया है अन्य आरोपी भी भागने के फिराक में है उपरोक्त कॉलोनाइजरों ने ठगी करने के लिए एक टीम बना रखी है जिसमे कैफ अकाशी , विशाल अग्रवाल,रिहान मकरानी,साजिद मामा आदि जो सस्ती जमीन दिलाने के नाम पर कॉलोनाइजरों से मुलाकात कराते हैं और अपनी मीठी-मीठी बातों में ले झूठे सपने दिखा मोटी रकम लगवा देते हैं उपरोक्त मुलजिमान अब बैनामा करने से मना कर रहे हैं कि हम शावेज की वापसी तक कुछ नहीं कर सकते जबकि आरोप प्रतिआरोप में आसिम व शावेज लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी को कबूल कर रहे हैं मगर सामने आकर ना कोई पैसे देने के लिए तैयार है ना जमीन ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि कि फरार आरोपी शावेज सोशल मीडिया पर एक्टिव है तथा अपने नंबर से लोगों से बात भी कर रहा है मगर पुलिस ने अभी तक पूछताछ के लिए भी हिरासत में नहीं लिया वो विदेश भागने के फिराक में है और पुलिस आरोपी को विदेश भागने की खुली छूट दे रही है यह कि करीब 15 दिनों से पीड़ित थाने व उच्च अधिकारियों से फरियाद कर रहे हैं मगर अभी तक उपरोक्त मुलजिमान के खिलाफ कार्यवाही तो दूर की बात थाने में बुलाकर पूछताछ तक नहीं की गई है यह कि उपरोक्त मुलजिमान महादेवपुरम 3 कॉलोनी पर असलहा लहराकर जान से मारने की धमकी दे मारपीट की तथा ठगी के पर्याप्त सुबूत होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई यह कि सपा नेता आसिम खुली धमकी दे रहा है कि तुम ( माननीय ) मुख्यमंत्री के पास तक भी चले जाओगे तो भी मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते मैंने यहां से लखनऊ तक सेटिंग कर रखी है यह कि पीड़ितों के मामले के निस्तारण होने तक महादेवपुरम कॉलोनी मैं प्लॉट की खरीद फरोख्त पर रोक लगाई जाये तथा आरोपियों से पैसे वापस या जमीन का बैनामा कराया जाए।

# मथुरा की तीरंदाज का वर्ल्ड चैंपियनशिप में चयन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** महाराष्ट्र के पुणे स्थित आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में दिनांक 22 से 25 मई तक आयोजित हुई राष्ट्रीय जूनियर एवं क्रेडेट तीरंदाजी चयन प्रतियोगिता में भारत की टीम का चयन किया गया। तीरंदाजी अकादमी कंचनपुर अड़ींग की वरेण्या राणा को कम्पाउन्ड वर्ग के तीन सदस्यीय दल में चुना गया है। वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए तीरंदाजी में मथुरा की किसी पहली खिलाड़ी के चयन पर स्थानीय लोग आल्हादित हैं। प्रशिक्षक योगेन्द्र राणा ने बताया कि चार दिन तक चली इस चयन प्रतियोगिता में मथुरा की वरेण्या राणा ने बेहतरीन प्रदर्शन कर भारत की बालिका वर्ग की कम्पाउण्ड टीम में अपना स्थान बनाया। वर्ल्ड चैम्पियनशिप जिसका आयोजन दो वर्षों में होता है। इस बार इसका आयोजन कनाडा में हो रहा है। 3 सदस्यीय टीम चैंपियनशिप के लिए जून के अंतिम सप्ताह में रवाना होगी । भारतीय तिरन्दाजी संघ एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के द्वारा इस चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वरेण्या राणा मथुरा की पहली तीरन्दाज है जो की किसी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित हुई हैं । इस खुशी के अवसर पर मथुरा तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष रामबाबू शर्मा जी मथुरा तीरंदाजी अकादमी के अध्यक्ष नंदकिशोर , ज्ञानेन्द्र सिंह राणा, मनमोहन शर्मा, सौरभ तिवारी आदि ने वरेण्या को शुभकामनाएँ दी हैं।

# चांदपुर में ट्रैक्टर ट्राली और कार की भीषण टक्कर



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर चांदपुर थाना क्षेत्र में बीती रात्रि एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है भीषण हादसे में ट्रैक्टर ट्राली ने कार को जोरदार टक्कर मार दी । प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर जलीलपुर मार्ग पर ग्राम सैदवार बिजली घर के पास यह घटना हुई गांव अकबरपुर सिमली निवास कोशिंदर उर्फ कलवा पुत्र जयसिंह अपने एक रिश्तेदार के साथ कार से घर लौट रहे थे इसी दौरान सामने से आ रही लड़कियों से भरी ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी हादसे में कार चालक समेत दोनों लोग घायल हो गए कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई ग्रामीणों की मदद से घायलों को तुरंत चांदपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया ग्रामीणों को कहना है कि लकडियों से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली रात में तेज रफ्तार से दौड़ रहे हैं इन्हें पुलिस का कोई डर नहीं इसी मार्ग पर वन विभाग का भी कार्यालय स्थित है आखिर इन ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती वन विभाग भी आंखें मूंदे बैठा हुआ है मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली के चालक को हिस्सरत में ले लिया पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

# प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि मनाई

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** मंगलवार को जिला किसान कांग्रेस के द्वारा जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत की अध्यक्षता में देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि बनाई गई तथा उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए इस दौरान किसान कांग्रेस के कार्यकताओं व वरिष्ठ कांग्रेसीजनों के द्वारा जवाहर बाग पहुंचकर जवाहर बाग स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू की मूर्ति का माल्यार्पण किया तथा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये इस अवसर पर किसान कांग्रेस के *जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जसावत* के द्वारा कांग्रेसी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू वह व्यक्ति हैं जिनके देश की आजादी में योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है वह देश की आजादी के लिए संघर्ष करते हुए कई वर्षों तक जेल में रहे तथा ना तो वह झुके और ना ही डरे तथा आजादी के लिए संघर्ष करते रहे तथा उनके अथक प्रयासों व संघर्ष के बाद आखिरकार हमारा देश आजाद हुआ तथा पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री की शपथ ली जिस समय देश आजाद हुआ उसे समय पर हमारा देश कई रियायतो व राजवाड़ो में बटा हुआ था जिनको की एक सूत्र में पिरोने का काम पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में सरदार पटेल के द्वारा किया गया देश के अंदर प्रौद्योगिकी क्रांति के रूप में आई टी इसरो एम्स आदि जैसे संस्थानों की स्थापना की गई आज का आधुनिक भारत की नींव पंडित जवाहरलाल नेहरू के द्वारा रखी उनके द्वारा हर जिले व शहर को किसी न किसी कुटीर उद्योग से जोड़ा गया जैसे कि मथुरा को सूती साड़ी छपाई उद्योग से बनारस को साड़ी उद्योग अलीगढ़ को ताले उद्योग से आगरा को फाउंड्री उद्योग से कानपुर को चमड़ा उद्योग से जोड़ा गया हम ऐसे महापुरुष पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर उनको अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

# घर में घुसकर मारपीट करने पर चार के विरुद्ध अभियोग दर्ज

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी एक व्यक्ति ने अपने पुत्र के ससुरालयों पर घर में घुसकर मारपीट करने व बार-बार जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी फारूख ने बताया कि गत दिवस 24 मई की देर शाम पीड़ित के घर पर उसके पुत्र मुशाहिद की ससुराल वाले शाकिर ,सुहेल, बिलाल निवासी इदरीश बैंग बिहार कॉलोनी कांधला व इमरान पुत्र इकराम निवासी ग्राम गंगेरू गाली-गलौज करते हुए हाथों में लाठी डंडों से लैस पीड़ित के घर में घुस आए और पीड़ित सहित उसके परिवार के लोगों पर हमला करते हुए जमकर मारपीट की। मारपीट के दौरान पीड़ित सहित उसके परिवार के कई लोग घायल हो गए। आरोप है पीड़ित ने रिश्तेदार होने के कारण थाने पर रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई परंतु सभी आरोपी मारपीट करने के बाद भी पीड़ित व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। आरोपियों के द्वारा पीड़ित व उसके परिवार को बार-बार जान से मारने की धमकी देने से पीड़ित का परिवार डरा- सहमा हुआ है। पीड़ित को डर है कि कहीं आरोपी उसके परिवार को क्षति ना पहुंचा दे। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर चारों आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि अभियोग पंजीकृत कर लिया है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# वर्दी वाले हीरो ने दिखाई इंसानियत की मिसाल

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** देश के जवान सिर्फ सरहद पर नहीं, समाज में भी अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हैं। इसका जीता-जागता उदाहरण पेश किया हमारे गाँव बसेला निवासी दीपक फौजी ने, जिन्होंने अपना जन्मदिन किसी पार्टी या आयोजन में नहीं, बल्कि जरूरतमंद मासूम बच्चों की भूख मिटाकर मनाया।

दीपक फौजी ने अपने जन्मदिन के मौके पर बच्चों को पास के डाउनटाउन रेस्टोरेंट में ले जाकर पिज्जा, बर्गर, चाउमीन, मिठाई और कोल्ड ड्रिंक्स का स्वाद चखाया। बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान, और उनकी आंखों में चमक, इस सच्चे उत्सव की गवाही दे रही थी। यह कोई आम जन्मदिन नहीं था यह था मानवता की एक नई परिभाषा, जहाँ एक फौजी ने बंदूक नहीं, दया और सेवा को अपना हथियार बनाया। अध्यक्ष शिवकुमार सोनी ने कहा दीपक फौजी हमारी संस्था के एक सक्रिय सदस्य हैं और समाज के प्रति उनकी सेवा भावना हमेशा प्रेरणादायक रही है। उनके इस कार्य ने यह साबित कर दिया कि देशभक्ति सिर्फ युद्धभूमि पर नहीं, जरूरतमंदों की सेवा में भी दिखाई देती है। श्री मुरलीवाला युवा सेवा समिति उन्हें इस नेक पहल के लिए दिल से सलाम करते हैं। सेवा में साथ रहे योगेश कौशिक लव मित्तल गणेश कुमार वंशीलाल यतेन्द्र प्रताप सिंह अतिन अग्रवाल बंटी इत्यादि।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा का हुआ विस्तार

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की 6 जिलों गोहाना,रेवाड़ी,पलवल,हांसी,अम्बाला व पटौदी की जिला कार्यकारिणी के गठन व मनोनय के बाद आज जिला सिरसा व हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ यूटी की कार्यकारिणीयों का गठन भी हो गया है उक्त जानकारी देते हुए श्रमजीवी पत्रकार संघ की संस्थापक व प्रदेशाध्यक्ष डॉ इन्दु बंसल ने सिरसा व चंडीगढ़ इकाइयों के इस गठन लिये सिरसा के वरिष्ठ पत्रकार सतीश बंसल व रोहित जैन साथ ही चंडीगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार हरमिंदर नागपाल व सम्पादक धर्मपाल वर्मा को इस गठन कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि जल्द ही चंडीगढ़ व सिरसा में पत्रकारों की एक अहम कार्यक्रम का आयोजन होगा जिस में इन कार्यकारिणीयों की घोषणा होगी। पुनः श्रमजीवी पत्रकार संघ से जुड़े सभी साथियों को बधाई देते हुए श्रमजीवी पत्रकार संघ की प्रदेशाध्यक्ष डॉ इन्दु बंसल ने कहा बहुत जल्द हरियाणा के सभी जिलों में श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणीयों का गठन व घोषणा कर दी जायेगी।

# हाथरस में पहले चरण की शुरूआत के साथ 1500 युवाओं को दिए रोजगार के अवसर

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**




**हाथरस।** ग्लोबल टेलेंट अडवाइजरी एवं वर्कफोर्स सोल्युशन प्रोवाइडर एडेको ग्रुप की सब्सिडरी एडेको इंडिया ने अगले चार महीनों में 6 हजार से अधिक नौकरियां उत्पन्न करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में ग्रामीण रोजगार पहल की शुरूआत की है, जिसे कई चरणों में पूरा किया जाएगा। इसके पहले चरण की शुरूआत हाथरस में बड़े पैमाने के नौकरी मेले के साथ हुई, जहां इन्फ्रास्ट्रक्चर, फाइनैंशियल सर्विसेज, इलेक्ट्रोनिक्स मैनुफैक्चरिंग एवं अन्य मुख्य सेक्टरों में 1500 से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन सुनील चेमनकोटिल, कंट्री मैनेजर, एडेको इंडिया ने किया। नौकरी मेले का आयोजन कुशल एवं अर्द्ध-कुशल प्रतिभा को रोजगार के अवसरों के साथ जोड़ने के लिए किया गया, ताकि आईटीआई, डिप्लोमा होल्डर, 12वीं पास और ग्रेजुएट छात्र तुरंत नौकरियां पा सकें। इस तरह मेले ने फ्रैशर्स के साथ-साथ अनुभवी उम्मीवारों और जल्द करियर बनाने की चाह रखने वाले युवाओं को महत्वपूर्ण मचं प्रदान किया, ये युवा अपने राज्य में ही करियर के अवसर पाकर विकसित हो सकेंगे। स्थानीय डिप्लॉयमेन्ट मॉडल के लिए स्थानीय नियुक्तियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए एडेको माइग्रेशन से जुड़ी चुनौतियों को दूर करती है तथा आर्थिक विकास में युवाओं की भागीदारी बढ़ाकर समुदाय के सशक्तीकरण में योगदान देती है। उद्घाटन के अवसर पर श्री सुनीत चेमनकोटिल, कंट्री मैनेजर, एडेको इंडिया ने कहा, ह्यह्यकई चरणों में आयोजित इस भर्ती अभियान के तहत 6000 नौकरियां का लक्ष्य तय किया गया है।

# एसडीएम पिंडरा की सद्बुद्धि के लिए अधिवक्ताओं ने किया बुद्धि-शुद्धि का यज्ञ

**वेलकम इंडिया।**



**वाराणसी मिजार्मुराद ।** पिंडरा एसडीएम प्रतिभा मिश्रा एवं न्यायिक एसडीएम प्रज्ञा सिंह की तानाशाही रवैये से क्षुब्ध पिंडरा तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल एवं महामंत्री सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को पूर्वाहन भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने तहसील प्रांगण स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर में बुद्धि-शुद्धि का यज्ञ कर अजय अमर श्री हनुमान जी से प्रार्थना किया कि उपरोक्त दोनों अधिकारियों को सद्बुद्धि दे। ताकि वे लोग जिम्मेदार पद पर बैठकर गलत सही का मूल्यांकन कर उचित निर्णय देने के साथ फरियादियों को न्याय दें। इस यज्ञ में भारी संख्या में अधिवक्ता एवं फरियादी भी मौजूद रहे। पिंडरा तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल एवं महामंत्री सुधीर कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि इन दिनो एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा एवं न्यायिक प्रज्ञा सिंह के तानाशाही पूर्ण रवैये से समूचा अधिवक्ता समाज आक्रोशित है। उक्त दोनों अधिकारियों की गलत कार्य प्रणाली सिर्फ अधिवक्ताओं के साथ ही नहीं बल्कि फरियादियों और पत्रकारों के साथ भी है। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल व महामंत्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि उपरोक्त दोनों अधिकारियों के खिलाफ पिछले सप्ताह अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार से मिलकर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग किया था।

# एसपी ने गुगल मीट के माध्यम से ई-ऑफिस प्रणाली व सीसीटीएनएस योजना के संबंध में गोष्ठी कर सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित सभागार कक्ष मे जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारियों के साथ आनलाइन वीडियों कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से व समस्त क्षेत्राधिकारी-थाना कार्यालयों पर मौजूद डाक मुंशी व कम्प्यूटर ऑपरेटरों के साथ गोष्ठी कर ई-ऑफिस प्रणाली व सीसीटीएनएस योजना के संबंध में गोष्ठी कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । इस दौरान समस्त क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से गोष्ठी मे मौजूद रहे व समस्त शाखा प्रभारी,थानो पर मौजूद कम्प्यूटर ऑपरेटर,डाक मुंशी आदि अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे । पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा बताया गया कि दिनांक 23 जनवरी 2025 से जनपद हाथरस मे ई-ऑफिस प्रणाली लागू की गई थी । जिससे कार्यालयो में की जा रही सम्पूर्ण कार्यवाही को कागजरहित तथा अत्यधिक तीव्र बनाया जा सके । इस दौरान उनके द्वारा समीक्षा करते हुए समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वह प्रतिदिन अपनी ई-आफिस की आईडी लॉगिन करके ई-आफिस पर प्राप्त होने वाली डाक फाइल का अवलोकन करके आवश्यक कार्यवाही ई-आफिस के माध्यम से ही करने तथा उच्चाधिकारियों के कार्यालय को प्रेषित की जाने वाली समस्त प्रकार की रिपोर्ट, मांग पत्र, जांच आदि ई-आफिस से डिजिटल हस्ताक्षर के उपरान्त ही प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया ।

# कुबार्नी के लिए गोबरहवां बाजार में सजा बकरों का बाजार, 7 को होगी कुबार्नी

**वेलकम इंडिया**



**सिद्धार्थनगर।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) 7 जून को अदब और अहतराम के साथ मनाई जाएगी। अल्लाह के नाम पर कुबार्नी देने के लिए लोगों ने तैयारी भी शुरू कर दी है। बकरों की खरीदारी करने लोग पहुंच रहे हैं। बाजार में फिलहाल दस हजार से एक लाख तक का बकरा बाजार मे उपलब्ध है। गांवों से पशुपालक बकरा लेकर सिद्धार्थनगर नौगढ़ शहर के गोबरहवां बाजार में लगने वाले मंगलवार के दिन सप्ताहिक बाजार गोबरहवां बाजार में पहुंच रहे हैं।

कुबार्नी के लिए बकरों की खरीदारी जोर शोर से हो रही है। सिद्धार्थनगर जिले के गोबरहवां बाजार मे मंगलवार को लगने वाला बकरा मंडी करीब कई साल पुरानी है। यहां सिद्धार्थनगर के जोगिया, बर्डपुर, मोहाना, लौटन उसका, कस्बा समेत हजारों गांव के लोग बकरे की खरीद -बिक्री करने आते हैं। बकरा पर भी दिखा महंगाई का असर इस बार बकरों की कीमत पिछले साल से दस से 20 फीसदी बढ़ी हुई है।लेकिन खरीदारी पर इसका प्रभाव नहीं दिख रहा है। सुबह 7 बजे से ही बकरा मंडी सज जाती है। करीब 2 बजे दिन तक खरीद फरोख्त चलता है। इस बार बाजार में करीब दस हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक के बकरें बिकने के लिए आये हैं। जिनके लिये कुबार्नी फर्ज है, वे अपने हिसाब से बकरों की खरीदारी कर रहे हैं।महंगाई का असर कुबार्नी के जानवरों पर साफ नजर आ रहा है। व्यापारियों की मानें तो इस साल बकरे की कम संख्या आने से बकरे अधिक दाम में बिके। इस नस्ल के बकरों की खास डिमांड बाजार में देसी, जमुनापरी, काल्पी आदि नस्ल के बकरे बिकने के लिए आ रहे हैं।बकरा खरीदने की लगी होड़ मुस्लिम समुदाय में बकरीद का विशेष महत्व है। हर कोई विशेष योजना के साथ बकरे खरीदने आता है। इस बार गर्मी ज्यादा है, जिस वजह से सभी चाह रहे हैं कि जल्दी कुरबानी का बकरा खरीद लिया जाये।बकरीद से पहले बकरे की देखरेख करना, उसको पालना अच्छा माना जाता है। इसलिए सभी कोशिश करते हैं कि जैसे ही बाजार में बकरों की अच्छी नस्ल मौजूद हो तभी खरीद लिए जाये। भीषण गर्मी मे पेयजल व्यवस्था फेल बकरीद त्योहार का दिन बस दस दिन ही शेष बचे हैं। ऐसे में बकरा मंडी में सुबह से ही सैकड़ों लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। भीषण गर्मी से लोग गमछा, रुमाल से मुंह पोछते दिखे। बाजार मे बेचने आये लोग अपने बकरों को पालिथीन मे पानी पिलाते नजर आये। बाजार मालिक के तरफ से बाजार में पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से लोग काफी बेहाल रहे। 2 बजते-बजते बकरा मंडी मे सन्नाटा पसर गया।

# मेरठ की सोना और चांदी दोनों ज्वेलरी का विशेष आकर्षण

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



मेरठ में पद्म श्री से संबोधित किए जाने वाले डॉक्टर रजनीकांत बनारस से मेरठ की भूमि पर पधारे तथा मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने उनके साथ एक औपचारिक बैठक की। जिसमें डॉ रजनीकांत ने बताया कि, मेरठ का ज्वेलरी भविष्य बहुत उज्वल है। मेरी जानकारी में है कि पूरा विश्व मेरठ की बनी हुई ज्वेलरी को पसंद करता है, उन्होंने बताया कि आप लोग हाथ से बनी हुई हल्की ज्वेलरी के लिए पहचाने जाते हैं ! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आत्मनिर्भर भारत की बात करते हैं विशेष तौर पर लोकल से ग्लोबल की ओर भारत के व्यापार को ले जाने के लिए कहते हैं और ज्वेलरी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है ! माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ भी मेरठ की ज्वेलरी के लिए बहुत गंभीर है ! पिछले दिनों हमने देखा कि, उन्होंने ज्वेलर्स के कार्यक्रम के दौरान मेरठ की बनी हुई ज्वेलरी को विशेष पहचान दिलाने का विषय रखा ! मेरठ की ज्वेलरी सोना और चांदी दोनों ही अपने आप में भौगोलिक दृष्टि से बहुत महत्व है। मैं भी आज आप लोगों के साथ वार्ता के अपने लालच को मेरठ आने के बाद छोड़ नहीं पाया ! मेरठ आते समय मेरे मन में मेरठ की ज्वेलरी और उसके कारीगरों को देखने की इच्छा भी थी, लेकिन आज समय अभाव के कारण मैं फिर आकर शीघ्र आप लोगों के बीच में ज्वेलरी को बनते हुए देखना चाहूंगा ! मेरठ की ज्वेलरी भारत की बौद्धिक संपदा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र के कमिश्नर श्री दीपेंद्र कुमार जी भी साथ थे। बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, महामंत्री विजयआनन्द अग्रवाल, ठकखळ कॉलेज के सेक्रेटरी दीपक जौहरी, युवा उद्यमी ऋषभ महेश्वरी उपस्थित रहे !

# कुबार्नी के लिए गोबरहवां बाजार में सजा बकरों का बाजार, 7 को होगी कुबार्नी

**वेलकम इंडिया**

**सिद्धार्थनगर।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) 7 जून को अदब और अहतराम के साथ मनाई जाएगी। अल्लाह के नाम पर कुबार्नी देने के लिए लोगों ने तैयारी भी शुरू कर दी है। बकरों की खरीदारी करने लोग पहुंच रहे हैं। बाजार में फिलहाल दस हजार से एक लाख तक का बकरा बाजार मे उपलब्ध है। गांवों से पशुपालक बकरा लेकर सिद्धार्थनगर नौगढ़ शहर के गोबरहवां बाजार में लगने वाले मंगलवार के दिन सप्ताहिक बाजार गोबरहवां बाजार में पहुंच रहे हैं।

कुबार्नी के लिए बकरों की खरीदारी जोर शोर से हो रही है। सिद्धार्थनगर जिले के गोबरहवां बाजार मे मंगलवार को लगने वाला बकरा मंडी करीब कई साल पुरानी है। यहां सिद्धार्थनगर के जोगिया, बर्डपुर, मोहाना, लौटन उसका, कस्बा समेत हजारों गांव के लोग बकरे की खरीद -बिक्री करने आते हैं। इस बार बकरों की कीमत पिछले साल से दस से 20 फीसदी बढ़ी हुई है।लेकिन खरीदारी पर इसका प्रभाव नहीं दिख रहा है। सुबह 7 बजे से ही बकरा मंडी सज जाती है। करीब 2 बजे दिन तक खरीद फरोख्त चलता है। इस बार बाजार में करीब दस हजार रुपये से लेकर एक लाख रुपये तक के बकरें बिकने के लिए आये हैं। जिनके लिये कुबार्नी फर्ज है, वे अपने हिसाब से बकरों की खरीदारी कर रहे हैं।महंगाई का असर कुबार्नी के जानवरों पर साफ नजर आ रहा है। व्यापारियों की मानें तो इस साल बकरे की कम संख्या आने से बकरे अधिक दाम में बिके। बाजार में देसी, जमुनापरी, काल्पी आदि नस्ल के बकरे बिकने के लिए आ रहे हैं।बकरा खरीदने की लगी होड़ मुस्लिम समुदाय में बकरीद का विशेष महत्व है। हर कोई विशेष योजना के साथ बकरे खरीदने आता है। इस बार गर्मी ज्यादा है, जिस वजह से सभी चाह रहे हैं कि जल्दी कुरबानी का बकरा खरीद लिया जाये।

बकरीद से पहले बकरे की देखरेख करना, उसको पालना अच्छा माना जाता है। इसलिए सभी कोशिश करते हैं कि जैसे ही बाजार में बकरों की अच्छी नस्ल मौजूद हो तभी खरीद लिए जाये।

### भीषण गर्मी मे पेयजल व्यवस्था फेल

बकरीद त्योहार का दिन बस दस दिन ही शेष बचे हैं। ऐसे में बकरा मंडी में सुबह से ही सैकड़ों लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। भीषण गर्मी से लोग गमछा, रुमाल से मुंह पोछते दिखे। बाजार मे बेचने आये लोग अपने बकरों को पालिथीन मे पानी पिलाते नजर आये। बाजार मालिक के तरफ से बाजार में पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से लोग काफी बेहाल रहे। 2 बजते-बजते बकरा मंडी मे सन्नाटा पसर गया।

# कूड़ा संग्रहण हेतु डंपिंग जोन बनाए जाने के खिलाफ पगना के ग्रामीणों में रोष

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, नगर पालिका परिषद द्वारा नगर क्षेत्र के कूड़े के निस्तारण हेतु स्थायी कूड़ा डंपिंग जोन बनाने बनाने के लिए पगना गांव क्षेत्र के समीप कूड़ा डंपिंग जोन बनाए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने की सुगबुगाहट से पगना गांव के ग्रामीणों में रोष जागने लगा है।पगना के ग्रामीण कूड़ा डंपिंग जोन को गांव के समीप नही बनाने देने, और गांव क्षेत्र के बजाय कही अन्यत्र डंपिंग जोन के बनवाए जाने की मांग करने लगे।डंपिंग जोन बनाने की स्वीकृति जिला प्रशासन दिए जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने गांव के आसपास डंपिंग जोन बनाने से ग्रामीणों की सेहत पर दुष्प्रभाव पड़ने, पर्यावरण और भविष्य के लिए खतरनाक बताते हुए प्रस्ताव को तत्काल रद्द करने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि पगनागांव सरयू नदी की ऊपरी तलहटी पर बसा एक स्वच्छ और हरित क्षेत्र है, जहां अब तक प्राकृतिक संतुलन बना हुआ है। यहां पहले से क्षेत्र में अधिकांश स्थान पर जगह जगह खड़िया स्टोन की खानें भी स्वीकृत है।खनन बाहुल्य क्षेत्र होने से अब गांव के आसपास जमीनों की कमी बन रही है।जो खाली स्थान बचे है वहां किसानों और पशुपालकों द्वारा अपने मवेशियों को चरागाह के लिए आरक्षित किया गया है। कूड़ा डंपिंग जोन बनाने से न केवल गंदगी और दुर्गंध फैलेगी, बल्कि जल, जंगल, जमीन और हवा भी प्रदूषित होगी। इससे गांव की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी बुरा प्रभाव पड़ेगा साथ ही बच्चों-बुजुर्गों की सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यदि गांव के आसपास यदि जबरन कूड़ा संग्रहण हेतु डंपिंग जोन बनाया गया, निर्माण से पूर्व सभी ग्रामवासियों से उनकी राय नही ली गई और न ही जनसुनवाई जैसी कोई प्रक्रिया अपनाई गई तो ग्रामीण अपने हितों के लिए उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

# महाराजा अरुट जी जयंती 30 को हवन यज्ञ सत्संग तथा भंडारे का होगा आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा /हिसार (राजेश सलूजा)** अरोड़ा वंश के आदि प्रवर्तक महाराजा अरुट जी की जयंती 30 मई को पंजाबी धर्मशाला उकलाना में मनाई जाएगी। पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान गुलशन आहूजा ने बताया कि प्रातः 8:00 बजे हवन प्रातः 10:00 बजे सत्संग का आयोजन परमहंस श्री योग दरबार धर्म प्रमुख संत सुखदेव आनंद महाराज तथा संत सत्यानंद महाराज अपने मुखारविंद से प्रवचन करेंगे उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा तथा हिसार महापौर प्रवीण पोपली मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचेंगे पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान गुलशन आहूजा ने कहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष की भव्य सत्संग उपरांत भंडारे का आयोजन होगा उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए कार्यकारिणी द्वारा निमंत्रण भी भेजे जा रहे हैं वहीं उन्होंने समाज से अपील की की अत्यधिक संख्या में पहुंच कर महाराजा अरुट जी को नमन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें ।

# तृतीय बड़े मंगल को विशाल भंडारा आयोजित

**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**



**लखनऊ।** तृतीय बड़े मंगल के शुभ अवसर पर माल कस्बे में व्यापार मंडल व रस्तोगी परिवार के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।भंडारे में हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद चखा।

ज्येष्ठ के तीसरे बड़े मंगल पर कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह पर भंडारे का आयोजन किया गया। इसके अलावा शर्बत व पूड़ी बांट कर श्रद्धालुओं ने पुण्य कमाया। 'बड़े मंगल' के अवसर पर माल कस्बे में चौराहे पर व्यापार मंडल के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।आयोजित भंडारे में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर व अनुसूचित मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विकास किशोर सहित क्षेत्रीय संभ्रांत लोग शामिल हुए। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष गोपाल गुप्ता ,डॉ आंनद कुमार सिंह ,विजय कुमार सिंह, अभिषेक सोनी, रवि द्विवेदी, शुभम गुप्ता, विनय गुप्ता, अमित गुप्ता व व्यापार मंडल समस्त पदाधिकारी शामिल रहें। वहीं यूको बैंक के निकट रस्तोगी परिवार के द्वारा भंडारा आयोजित हुआ।इस मौके पर नीरज गुप्ता, संचित रस्तोगी एवं मनीष रस्तोगी, रामकुमार साहू, शुभम गुप्ता सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

# बट अमावस्या पर श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसेलाब, गोताखोर टीम ने आधा दर्जन महिलाओं को डूबने से बचाया

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तीर्थ नगरी बृजघाट एवं मोक्षदायनी पतित पावनी गंगा मैया के कच्चे घाट पर बट अमावस्या पर दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं का उमड़ा जन सैलाब ।वहीं कच्चे घाट पर स्नान करते समय गोताखोर टीम के द्वारा डूबने से गढ़ रोड हापुड़ निवासी लक्ष्मी, शिवानी, पूजा रीना, दिल्ली सीलमपुर निवासी रजनी गुप्ता, सोनी गुप्ता सहित आधा दर्जन महिलाओं और बच्चों की अथक प्रयास के साथ बचाई जान। वही इस अवसर पर डीपी निषाद ने बताया कि उनकी गोताखोर टीम पूर्णिमा अमावस्या पर स्नान करने के लिए दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा में हर समय तैयार रहती है। की हर समय रहती है। और जब भी किसी श्रद्धालु के साथ डूबने की घटना घटित होती है। तभी उनकी टीम अपने पूरे अथक प्रयास के साथ बचाने में जुट जाती है। लेकिन इतना सब कुछ करने के बावजूद भी उनकी टीम उसे सरकार से कोई सहयोग नहीं मिलता है। यह बड़ी दुर्भाग्य की बात है। जबकि ऐसी होनहार टीम को सुरक्षा किट प्रदान की जानी चाहिए। और इस बट अमावस्या पर भी लगभग आधा दर्जन महिला एवं बच्चों की डूबने से जान बचाई गई है। जान बचाने वाली गोताखोर टीम में कुलदीप निषाद, दीपांशु निषाद, मुनेश निषाद, हिमांशु, उत्तम निषाद, प्रमोद निषाद, शामिल रहे।

# तीन बोरी यूरिया के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

**ककरहवा/सिद्धार्थनगर।** एस.एस.बी 43 वीं वाहिनी की सीमा चौकी ककरहवा के जवानों ने रविवार की रात में तीन बोरी यूरिया के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा है। उसके बाद उचित कार्रवाई करते हुए ककरहवा सीमा शुल्क कार्यालय के सुपुर्द कर दिया गया। सीमा चौकी ककरहवा से नाका दल सीमा स्तंभ संख्या-544 के समीप तैनात थे। इसी दौरान नाका दल ने देखा कि एक व्यक्ति साइकिल पर बोरी लादे फरसादीपुर गांव के रास्ते से सीमा स्तंभ संख्या-544 के समीप से नेपाल की तरफ जा रहा है। संदेह के आधार पर नाका दल ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह भागने लगा।

नाका दल ने घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया। नाका दल ने बोरियों को चेक किया तो तीन बोरी यूरिया पाई गई।

# आपत्तिजनक स्टेटस लगाने के मामले में भाजपा में आक्रोश

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** सोमवार देर रात्रि कांग्रेस जिलाध्यक्ष के व्हाट्सएप नम्बर पर अचानक सवा तीन बजे रात्रि में उनके व्हाट्सएप स्टेटस में आपत्तिजनक अश्लीलता वाले वीडियो मैसेज पोस्ट होने के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष सवालों के घेरे में है।अचानक से कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला के निजी व्हाट्सऐप नंम्बर में अश्लीलता भरे वीडियो मैसेज उनके स्टेटस में देखे गए थे।जिसके बाद यह खबर सोशल मीडिया में तेजी से वायरल होने लगी।लोगों ने उनके निजी नम्बर पर इस तरह अश्लील वीडियो के प्रसारित होने पर इसे भद्दा मजाक मानते हुए सवालिया निशान उठाने शुरू कर दिए।वही एक राष्ट्रीय पार्टी के जिलाध्यक्ष होने के नाते मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा को भी बैठे बिठाए कांग्रेस को घेरने का मौका मिल गया।हालांकि कांग्रेस जिलाध्यक्ष डसीला ने मामले में हैकर्स द्वारा बदनाम करने की नीयत से अज्ञात द्वारा निजी व्हॉट्सएप्प नम्बर के स्टेटस में रात्रि में अश्लील वीडियो भेजने और पता चलते ही अश्लील वीडियो पोस्ट को हटाने की प्राथमिकी कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।मामले में अब सायबर सेल पुलिस द्वारा मामले में जांच भी कराई जा रही है।वही मामले में अब सोशल मीडिया में आरोप प्रत्यारोप का दौर भी चलने लगा है।

## सोशल मीडिया पर अमर्यादित टिप्पणी को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**बागेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला द्वारा सोशल मीडिया पर की गई अभद्रअश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की है। भाजपा का कहना है कि इस प्रकार की टिप्पणी न केवल एक राष्ट्रीय पार्टी के सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति के प्रति अपमान है, बल्कि यह कांग्रेस की संकीर्ण मानसिकता को भी दशार्ता है ।भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि समाज इन बातों को समझता है और ऐसी घटिया राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगा। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी एकजुट होकर पार्टी का पक्ष रखते नजर आए ।भाजपा ने उनके व्हाट्सएप नम्बर के स्टेटस में भेजी गई टिपण्णी और अश्लील वीडियो को नकारात्मक छवि के रूप में होने और एक राष्ट्रीय पार्टी के जिलाध्यक्ष के तौर पर स्टेटस में भेजे गए वीडियो को सिम का क्लोन बनाकर हैकर द्वारा पोस्ट करने को मात्र ढकोसला बताते हुए अपना बचाव करने की कोशिश की निंदा की ।और मामले में शोशल मीडिया में प्रसारित हुए वीडियो को बाद में मिटाने और क्लोन बनने के मुद्दे पर सवालिया निशान लगाते हुए इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री संजय परिहार, पूर्व जिपं अध्यक्ष और महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष दीपा आर्या, पूर्व पालिकाध्यक्ष सुबोध लाल साह, नगर अध्यक्ष विवेक तिवारी, दयाल कांडपाल, तारा कुमालटा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक गसयाल, हर्ष मेहरा, कमल परिहार आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के अंकुर मित्तल बने राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिंस कंसल महामंत्री निर्वाचित हुए

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** भारतवर्ष के समस्त वैश्य उपवर्गों के राष्ट्रीय संगठन अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए चुनाव अधिकारी अनूप कुमार शर्मा नरेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई जिसके अंतर्गत अलीगढ़ निवासी अंकुर मित्तल लगातार चौथी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए मोदीनगर जनपद गाजियाबाद के निवासी प्रिंस कंसल राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हरदुआगंज निवासी हृदयेश मित्तल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के पद पर आसीन हुए। अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव में निर्वाचित हुए पदाधिकारियों में उपरोक्त सभी के साथ इंदौर मध्य प्रदेश निवासी डॉ संजय बिन्दल अलीगढ उत्तर प्रदेश के विशाल गर्ग बीडीके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर सूरत गुजरात से विश्वनाथ पचेरिया हाथरस उत्तर प्रदेश के निवासी ललतेश गुप्ता अलीगढ़ उत्तर प्रदेश से विनय कुमार अग्रवाल महामंत्री के पद पर योगेश वार्ष्णेय शानू व जीतेन्द्र गोविल संगठन मंत्री एवं गौरव गोदानी व मनीष अग्रवाल सचिव पद पर निर्वाचित हुए।अखिल भारतीय वैश्य समाज संगठन की चुनाव प्रक्रिया के उपरांत अलीगढ स्थित राष्ट्रीय कार्यालय की ओर से सम्पन्न हुई राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह में पधारे संगठन के मार्गदर्शक एवं पूर्व विधानसभा सदस्य विवेक बंसल व मुख्य अतिथि अलीगढ़ नगर निगम के महापौर प्रशांत सिंघल ने निर्वाचित हुए। सभी पदाधिकारियों को बधाइयां देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक व शपथ ग्रहण समारोह का शुभारम्भ भारत माता व आराध्य देवी माँ लक्ष्मी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ववलित कर किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन के मार्गदर्शक एवं पूर्व विधायक विवेक बंसल ने कहा कि वैश्य समाज हमेशा से ही भारतवर्ष का अग्रणी समाज रहा है, राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकुर मित्तल के नेतृत्व और कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों के सहयोग से वैश्य समाज नित नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होगा। राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा कि अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन वैश्य समाज को संगठित करने का प्रयास कर रहा है और वैश्य समाज को आगे ले जाने का कार्य कर रहा है। संगठन की गतिविधियों से प्रसन्न होकर महापौर प्रशांत सिंघल ने संगठन से संरक्षक के रूप में जुड़कर अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन को मजबूती प्रदान की।

# यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइल्स संस्था ने 85 नन्हे कदमों को चरण पादुका(जूते) उपलब्ध कराई गई

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइल्स फाउंडेशन ट्रस्ट, मोदीनगर का चरण पादुका अभियान पहुँचा सर्वहितकारी जूनियर हाई स्कूल, कैलाश नगर, गाजियाबाद, जहाँ लगभग 85 नन्हे कदमों को चरण पादुका(जूते) उपलब्ध कराई गई ।संस्था के उपाध्यक्ष तरुण विज ने बताया कि स्कूल के द्वारा चिन्हित मासूम चेहरों की मुस्कुराहट ने हमें फिर याद दिलाया कि ₹सच्चा धर्म वही है जो किसी की जरूरत को पूरा कर सके ।₹ उन्होंने बताया कि संस्था ने यह निर्णय लिया है कि इस वर्ष के सभी अभियान हमारे प्रेरणास्त्रोत, समाजसेवा के प्रतीक, स्वर्गीय डॉ. केवल कृष्ण थम्मन जी की पावन स्मृति को समर्पित रहेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत उनकी याद में दो मिनट का मौन रखकर की गई। डॉ. थम्मन जी के दामाद डॉ. उमेश कपूर विशेष रूप से पंजाब से 300 किमी का सफर तय कर इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस आयोजन में संस्था के समर्पित साथियों रेशमा मनोचा, सुनीता शर्मा, अनिल बंसल, पूनम बंसल, प्रवीण कुमार शर्मा, तरुण विज, रुचि विज, विशाल माहेश्वरी, पंकज गर्ग, धर्मेंद्र रुहेला, गौरव मेहरा, ज्योति कालरा, अमित कुमार, अशोक कुमार, अंकित मनोचा, सचिन वधावन, ईशान गिरि, अमित बंसल, साहिल बंसल, अमिता बंसल, शोभित गुप्ता, आरुष गर्ग, सार्थक रुहेला झ का योगदान अमूल्य रहा ।विद्यालय की ओर से प्रधानाचार्या शालिनी यादव एवं शिक्षकों झ रंजीता सिंह, सुबोध कुमार, राम निवास शर्मा, अरुण कुमार, अवधेश कुमार, देवेश कुमार झ ने कार्यक्रम को सफल बनाने में दिल से सहयोग किया। ₹जब शिक्षा के मंदिरों में सेवा की रोशनी पहुँचती है, तब समाज सचमुच जागता है।

# कवि राम कुमार गुप्ता 'सौमित्र' के निधन पर साहित्य मंच के कवियों ने किया शोक व्यक्त

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर के जन-जन प्रेमी, व्यापारी, अनेक संस्थाओं के सदस्य एवं रामचरित मानस के परम अनुरागी व मानस की सरस चौपाइयों के प्रस्तोता, साथ ही अखिल भारतीय साहित्य मंच मोदीनगर के कवि एवं मंचों के संचालक कवि राम कुमार गुप्ता 'सौमित्र' के निधन पर अखिल भारतीय साहित्य मंच के सभी कवियों ने सौमित्र जी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए, परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना की, तथा दिवंगत आत्मा को प्रभु अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें, एवं परिवार को इस असहनीय वेदना को सहने की अपार शक्ति व ऊर्जा प्रदान करें। ₹सौमित्र₹ जी के निवास पर पधारे कवियों ने परिवार के साथ बैठकर सांत्वना प्रकट की एवं परिवार को धीरज बंधाया। संस्था अध्यक्ष कवि ₹ब्रजकणर₹, संरक्षक डॉ श्रद्धानंद शर्मा, उपाध्यक्षा श्रीमती पुष्पा शर्मा, मंत्री रविकुमार शर्मा, अमित अरोड़ा, श्री राम सेवक शर्मा ₹रासेश₹बसंत शर्मा, रूप चंद शर्मा, कपिल वैरागी, देवी शरण पश्यक, बलवीर सिंह ₹खिचड़ी₹, ₹जलज₹ शर्मा कवि जगबीर शर्मा ₹जलज₹ आदि कवि उपस्थित रहे।

# जहाँ जाओ, संस्कृत का वातावरण बनाओ - डॉ. धनय कुमार आचार्य

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा संचालित ऑनलाइन संस्कृत भाषा शिक्षण कक्षा के अंतर्गत प्रेरणा सत्र आयोजन के क्रम में सत्र का आरंभ डॉ. निवेदिता द्वारा लौकिक मंगलाचरण से हुआ। संस्थान की गीतिका समता महोदया ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जबकि संस्थान के प्रशिक्षक गणेश द्विवेदी महोदय ने अतिथियों का परिचय कराते हुए सभी का स्वागत किया।

प्रशिक्षुओं में हृषिकेश, समृद्धि गुप्ता, पद्मा अग्रवाल, गौरी आदि ने अनुभव कथन और गीत प्रस्तुत किए। प्रशिक्षक शशिकांत ने कार्यक्रम की रूपरेखा और संयोजन किया। प्रेरणा सत्र के वक्ता डॉ. धनंजय कुमार आचार्य ने अपने उद्बोधन में संस्कृत भाषा के महत्व के विषय में कहा कि जहां जाएंगे, संस्कृत बोलेंगे, वहीं संस्कृत का प्रचार और प्रसार होगा और उसी से संस्कृत युग आएगा। डॉ. आचार्य ने कहा कि जब हम संस्कृत का आचरण करेंगे, तभी संस्कृत का वातावरण बनेगा। यदि हम अपने जीवन में छोटे-छोटे वाक्यों का प्रयोग संस्कृत में करते हैं, तो समाज हमारे व्यवहार से प्रेरित होगा। इससे संस्कृत बोलने में समर्थ लोगों की भावना को बल मिलेगा। प्राचीन काल में वेद, पुराण, उपनिषद आदि संस्कृत भाषा में थे। उस समय न केवल ग्रंथ संस्कृत में थे, बल्कि लोकभाषा भी संस्कृत ही थी। भाषा भावों और विचारों के प्रकटीकरण के लिए होती है। सभी संस्कृत के विषय में चिंतन करें और संस्कृत का प्रचार और प्रसार करें। प्रशिक्षक विनोद कुमार त्रिपाठी ने अतिथियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। पंकज शर्मा महोदय ने तकनीकी सहायता प्रदान की। सत्र का सुव्यवस्थित संचालन प्रशिक्षक शशिकांत महोदय ने किया। अंत में प्रशिक्षक विनोद कुमार त्रिपाठी ने सभी के लिए आवश्यक सूचनाएं दीं। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव, प्रशासनिक पदाधिकारी जगदानंद झा, दिनेश मिश्र, योजना प्रमुख भगवान सिंह चौहान, प्रशिक्षण प्रमुख सुधिष्ठ कुमार मिश्र, समन्वयक धीरज मैठाणी, दिव्य रंजन, राधा शर्मा आदि के साथ सभी प्रशिक्षक गण उपस्थित थे।

# नवागत तहसीलदार निश्चय कुमार ने संभाला पदभार

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा जिला रामपुर।** बिलासपुर से स्थानांतरित होकर आए तहसीलदार निश्चय कुमार ने मंगलवार को टाण्डा तहसील पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने तहसील के विभिन्न पटल का निरीक्षण किया और कर्मचारियों के साथ बैठक कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने दो तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। इसके तहत तहसीलदार शिव कुमार शर्मा का स्थानांतरण टाण्डा से बिलासपुर और निश्चय कुमार का बिलासपुर से टाण्डा के लिए ट्रांसफर किया गया है। मंगलवार को नवागत तहसीलदार निश्चय कुमार ने तहसील पहुंचकर पदभार ग्रहण कर लिया ।कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवागत तहसीलदार ने विभिन्न पटल का जायजा लिया। कर्मचारियों संग परिचय बैठक के साथ ही उनकी समस्याएं जानीं और तहसील में बेहतर सुविधाएं प्रदान करने पर चर्चा की ।नवागत तहसीलदार ने कहा कि शासन की मंशा और उच्च अधिकारियों के निर्देशों के अनुरूप क्षेत्रवासियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ एवं बेहतर सुविधाएं देना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

# चौकीदार को बंधक बनाकर बदमाश 8 लाख व लाखों के आभूषण लूट कर ले गए

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव की सारा रोड स्थित एडवरटाइजिंग कंपनी के कार्यालय पर बीती रात बदमाशों में चौकीदार को घायल कर व बंधक बनाकर करीब 8 लाख रुपए व लाखों के सोने चांदी के आभूषण लाख की लूट कर ले गए।

जानकारी के मुताबिक नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव की सारा रोड स्थित एडवरटाइजिंग कंपनी के कार्यालय पर बीती रात दो नकाबपोश लुटेरों ने मानवता पुरी निवासी रामलाल चौकीदार के सिर पर लोहे की रॉड मारकर घायल कर बंधक बना लिया ओर करीब 8 लाख रुपए व सोने चांदी के आभूषण लूट कर ले गए। पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली के अनुसार उनके यहां मेरठ निवासी एक महिला कार्य करती है उसमें अपने आभूषण कार्यालय के एक लॉकर में रखे हुए थे ।जिन्हें बदमाश ले गए सीसीटीवी के जरिए पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है। चौकीदार ने जैसे तैसे अपने हाथ खोलकर रास्ते से जा रहे राजगीर के फोन से लूट की घटना की जानकारी नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली को दी । लूट की घटना की सूचना मिलते ही विनोद वैशाली मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। एसीपी का कहना है कि बदमाशों की तलाश के लिए कई टीमें गठित की है। जल्द ही बदमाशों का पता लगा लिया जाएगा।

# सांसद से शिकारपुर अनाज मंडी में हाई मास्क लाइट लगवाने की मांग

**वेलकम इंडिया**



**शिकारपुर।** लोकसभा क्षेत्र बुलंदशहर के सांसद डॉक्टर भोला सिंह से नवीन अनाज मंडी शिकारपुर में हाई मास्क लाइट लगवाने की मांग की गई है। सांसद ने जल्द ही हाई मास्क लाइट लगवाने का आश्वासन दिया है।

नवीन अनाज मंडी आढ़ती संघ शिकारपुर के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल सांसद डॉक्टर भोला सिंह से मिला और शिकारपुर अनाज मंडी परिसर में समुचित रोशनी की व्यवस्था हेतु दो हाई मास्क लाइट लगवाने की मांग की। व्यापारियों ने सांसद को बताया कि अनाज मंडी में जल्द ही मक्का और धान की आमद शुरू होने वाली है, जिस कारण कार्य देर रात तक चलता है। देर रात तक कार्य चलने के कारण अनाज मंडी परिसर में रोशनी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण आढ़तियों, थोक व्यापारियों और पल्लेदारों को भारी दिक्कत होती है, इसलिए अनाज मंडी परिसर में सांसद निधि से दो स्थानों पर हाई मास्क लाइट लगवाई जाए। व्यापारियों की मांग पर सांसद ने एक माह के अंदर हाई मास्क लाइट लगवाने का आश्वासन दिया है।

# क्षेत्र में जुआ सट्टा अवैध गोरखधंधे किसी भी हाल में नहीं किए जाएंगे बर्दाश्त/महेंद्र सिंह थाना प्रभारी



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के आदेश अनुपालन में हापुड़ पुलिस के द्वारा नशीले मादक पदार्थों की तस्करी एवं जुआ सट्टेबाजी के गोरख धंधे में लिप्त लोगों के विरुद्ध घर पकड़ को लेकर चलाए जा रहे। अभियान के तहत बहादुरगढ़ पुलिस ने गांव करीमपुर के जंगल में जुआ खेल रहे। तीन जुआरियों को गिरफ्तार कर कब्जे से पुलिस ने करीब दो हजार रुपए नगद एवं ताश के पत्ते बरामद किए हैं ।बता दे कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं जुआ/सट्टेबाजों अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे हैं ।अभियान के तहत बहादुरगढ़ पुलिस ने जुआ सट्टा खेलते हुए तीन अभियुक्तों गांव करीमपुर के गुड्डू, कारण, प्रिंस को गिरफ्तार कर पुलिस ने मौके से ?2000 की नगदी ताश की गड्डी बरामद कर विधिक वैधानिक कार्यवाही करते हुए तीनों को भेजा जेल। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी महेंद्र सिंह का कहना है कि क्षेत्र में जुआ सट्टा अवैध गोरख धंधे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। इन गोरखधंधा में लिप्त लोगों को गिरफ्तार कर विधिक वैधानिक कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस2 योजना के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़** जनपद की कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस झ2 योजना के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा जिला अधिकारी को अवगत कराया गया कि गत बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए कार्य किया जा रहा है। जिला अधिकारी ने एसजीएलआर प्रणाली लागू किए जाने तथा एस0एल0डब्ल्यू0एम के अंतर्गत आर0आर0सी निर्माण हेतु भूमि की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों में पंचायत भवन का निर्माण होना है तथा जहां पर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं हो पाई है वहां के संबंधित उप जिला अधिकारियों को पत्र के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेसझ टू के अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायत को प्राप्त क्रेडिट लिमिट के सापेक्ष व्यय की गई क्रेडिट लिमिट की जानकारी जिला पंचायत राज अधिकारी से प्राप्त की । इस पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि ग्राम पंचायत को प्राप्त क्रेडिट लिमिट के सापेक्ष व्यय की गई धनराशि के उपरांत अवशेष क्रेडिट लिमिट मिशन निदेशालय से प्राप्त होने का उपरांत ग्राम पंचायत को निर्धारित कर दिया जाएगा ह्न जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि चिन्हीकृत पेरीअर्बन ग्रामों की सूची तैयार कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत विकास खंडवार प्राप्त नए पात्र लाभार्थियों की सूची के अनुसार उनकी प्रथम एवं द्वितीय किस्त की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी, जिला विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित आधिकारी उपस्थित रहे।



# बाबूगढ़ पुलिस की यह सराहनीय तस्वीर हापुड़ जिले में बयां कर रही है

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार**

हापुड़ जनपद के थाना बाबूगढ़ पुलिस ने एक तरफ जहां गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है तो वही तपती धूप में सड़क पर चलने वाले वाहन स्वामियों सहित राहगीरों को गर्मी से राहत पहुंचने के लिए पुलिस का एक ऐसा चेहरा सामने आया है जिसे देखकर हर कोई हैरान है। बाबूगढ़ थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता और उनकी पूरी पुलिस टीम ने ऐसा सराहनीय कार्य किया जिसे देखकर हर किसी की जुबान पर बस यही था पुलिस हो तो ऐसी, महिला पुलिस कर्मी भी पीछे नहीं रही खुद थानाध्यक्ष भी छोटे-छोटे मासूम बच्चों को मीठा शरबत पिलाते हुए नजर आए हाथों में मीठे सरवत के गिलास लेकर सड़क पर नजर आई पुलिस देखकर लोग कर रहे पुलिस की सराहनीय हापुड़ एसपी कुँवर ज्ञानेंजय सिंह सहित पूरे जनपद की पुलिस का नाम रोशन कर रही बाबूगढ़ थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता की पुलिस टीम की हर तरफ प्रशंसा हो रही हैं।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने की जनसुनवाई कलेक्ट्रेट का किया औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया








**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थिति जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा द्वारा प्रत्येक कार्यदिवस की तरह जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान प्रार्थियों के द्वारा राजस्व, विद्युत, नगर निगम, जीडीए, पुलिस विभाग, पेंशन सहित अन्य योजनाओं के लाभ लेने सम्बंधित आवेदन/शिकायतें जिलाधिकारी महोदय को प्रेषित की गयी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि हर शिकायत एवं आवेदन का त्वरित संज्ञान लेने हुए सकारात्मकता के साथ गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए। जनसुनवाई के दौरान एडीएम प्रशासन श्री रणविजय सिंह भी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई के उपरान्त जिलाधिकारी महोदय द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर का औ?चक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट प्रांगण में वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बंधित एसीपी ट्रैफिक पुलिस को निर्देशित किया कि कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार से जनपद न्यायालय के मुख्य द्वार तक कोई भी वाहन किसी भी ?परिस्थिति में खड़ा ना किया जायें, यदि कोई वाहन खड़ा करता है तो सम्बंधित पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। साथ ही आवश्यकता के अनुसार कलेक्ट्रेट प्रांगण में वाहनों की पा?र्किंग सुव्य?वस्थित हो, इसके लिए पुलिस/होमगार्ड के जवानों की तैनाती की जाएं। उन्होने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कलेक्ट्रेट के बाहर वाहन पार्किंग में जगह–जगह निर्धारित शुल्क बोर्ड लगवायें जाना सुनिश्चित किया जाएं। साथ ही कहा कि पार्किंग संचालकों द्वारा किसी भी रूप में वाहन स्वामियों से निर्धारित पार्किंग शुल्क से अधिक ना वसूला जाएं। जिलाधिकारी महोदय ने निर्देशित किया कि कलेक्ट्रेट परिसर से विकास भवन परिसर तक वाहनों के लिए एकल मार्ग होना चाहिए, जिससे कि समय–समय पर उत्पन्न होने वाले ट्रैफिक की समस्याओं से निजात पाया जा सकें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा मीडिया सेन्टर का निरीक्षण करते हुए पत्रकारों के साथ वार्ता की, इस मौके पर पत्रकारों ने पार्किंग व गर्मी से हो रही समस्याओं के बारे में जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया। जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। तदोंपरांत नेडा ऑफिस का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि स्वच्छता विशेष ध्यान रखा जाएं और निष्प्रोज्य सामानों को नियमानुसार विक्रय या निष्प्रोज्य किया जाए।

जिलाधिकारी महोदय ने सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग कार्यालय का निरीक्षण करते हुए कार्यालय में स्वच्छता व सफाई की सराहना करते हुए निर्देशित किया कि जिला सूचना प्रांगण में सफाई, स्वच्छता एवं हरित सौन्दर्यकरण कराया जाएं। साथ ही सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु प्रांगण में होर्डिंग लगाये जांए एवं खाली जगहों पर योजनाओं की जानकारी के बोर्ड चस्पा किये जाएं।

उन्होने कलेक्ट्रेट नाजिर को निर्देशित किया कि कलेक्ट्रेट प्रांगण में कोई भी प्राइवेट होर्डिंग या बोर्ड नहीं लगना चाहिए। साथ ही सरकार द्वारा संचालित योजनाओं/जानकारियों के जो होर्डिंग खराब या पुराने हो गये हैं उन्हें तत्काल उतारते हुए नये स्थापित किये जाएं। साथ ही सफाई, स्वच्छता एवं सौन्दर्यकरण कराया जाएं। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय, पत्रकार बन्धु सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## इंदिरापुरम और वसुंधरा को 95 करोड़ की भव्य विकास सौगात



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम के महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक ने इंदिरापुरम और वसुंधरा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास कार्यों की शुरूआत की है। मंगलवार को महापौर ने 95 करोड़ रुपये से अधिक के निर्माण कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया। जिसमें इंदिरापुरम क्षेत्र को 85 करोड़ रुपये और वसुंधरा जोन को 10 करोड़ रुपये की बड़ी आर्थिक मदद दी गई है। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि इंदिरापुरम क्षेत्र को हाल ही में नगर निगम में शामिल किया गया है, जिसके बाद यहां की सड़कें और नाले काफी खराब हालत में थे। स्थानीय जनता की लगातार मांगों को ध्यान में रखते हुए 15वें वित्त आयोग की बैठक में इंदिरापुरम को विशेष बजट आवंटित किया गया। उन्होंने कहा कि यह विकास कार्य इंदिरापुरम के लिए एक नई शुरूआत साबित होंगे, जिससे यहां के नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी। शिलान्यास के दौरान महापौर ने बताया कि इंदिरापुरम के अंतर्गत कुल 13 बड़े निर्माण कार्य होंगे, जिनमें प्रमुख सड़कों और नालों का पुनर्निर्माण शामिल है। खास तौर पर सीआईएसएफ रोड, बीएन त्रिपाठी मार्ग, शहीद मनोज पांडेय मार्ग, पंडित विजय लक्ष्मी मार्ग, काला पत्थर मार्ग समेत कई अन्य सड़कों और नालों की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य शुरू होगा। इसके अलावा, वसुंधरा सेक्टर 11 की आंतरिक सड़कें और बृज विहार का मुख्य मार्ग भी बेहतर किया जाएगा।

महापौर ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर पूरी गंभीरता रखी जाएगी और समय–समय पर मोनिटरिंग की जाएगी ताकि सड़कों और नालों की मजबूती लंबे समय तक बनी रहे। इसके साथ ही, उन्होंने पार्षदों को भी निर्देश दिए हैं कि वे अपने–अपने वार्डों में स्थानीय जरूरतों और समस्याओं को जल्द से जल्द दूर कराने में सक्रिय भूमिका निभाएं। शिलान्यास कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल के साथ नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक, पार्षद धीरज अग्रवाल, पार्षद प्रीति जैन, पार्षद हरीश कराकोटी, पार्षद डॉ. अनिल तोमर, पार्षद अनुज त्यागी, पार्षद संजय सिंह, पार्षद राधेश्याम त्यागी, पार्षद सतेंद्र चौधरी, पार्षद विनय चौधरी, पार्षद हिमांशु चौधरी सहित कई अन्य पार्षद और अधिकारी मौजूद रहे।

## श्री सूर्यपुत्र शनिदेव मंदिर समिति द्वारा 24वां श्री शनिदेव जन्मोत्सव धूमधाम से सम्पन्न





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विवेकानंद नगर मेन रोड स्थित श्री सूर्यपुत्र शनिदेव मंदिर समिति के सौजन्य से 24वां श्री शनिदेव जन्मोत्सव इस वर्ष भी भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत बाबा का विशेष श्रृंगार, अभिषेक तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश सैनी, उपाध्यक्ष मुकेश कंसल, मीडिया प्रभारी ऋषांक शर्मा तथा वरिष्ठ सदस्य राहुल शर्मा, हेमंत शर्मा, सागर धीमान, सागर गोयल, चैतन्य राजेश एवं अन्य सदस्यों द्वारा किया गया। सभी ने मिलकर इस आयोजन को एक भक्तिमय और अनुशासित रूप में सम्पन्न किया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल एवं भाजपा मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने मंदिर परिसर में पहुँचकर बाबा शनिदेव का आशीर्वाद लिया। मंदिर समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश सैनी, उपाध्यक्ष मुकेश कंसल, राजकुमार वर्मा एवं ऋषांक शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने अपने वक्तव्य में कहा, ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और युवाओं में संस्कारों का विकास होता है। समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश सैनी ने कहा, समिति का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, अपितु सामाजिक एकता व सेवा भाव को भी बढ़ावा देना है।

## पलायन को मजबूर पोस्टरों ने खोली प्रशासन की पोल




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोनी क्षेत्र के वार्ड नंबर 41 में हालात दिन-प्रतिदिन बद से बदतर होते जा रहे हैं। क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है, अवैध फैक्ट्रियों की भरमार है और नागरिक सुविधाओं का पूरी तरह से अभाव है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि कई स्थानीय निवासियों ने अपने मकानों की दीवारों पर पलायन को मजबूर जैसे चेतावनी भरे पोस्टर चिपका दिए हैं, जो क्षेत्र की जमीनी हकीकत और प्रशासनिक उदासीनता को उजागर कर रहे हैं। इन समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय पार्षद अंकुश जैन मिंकू ने उपजिलाधिकारी लोनी को एक विस्तृत और संवेदनशील पत्र सौंपा है। पत्र में पार्षद ने प्रशासन का ध्यान विशेष रूप से अवैध फैक्ट्रियों की ओर खींचा है, जो ना सिर्फ क्षेत्र की शांति को भंग कर रही हैं, बल्कि पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बन चुकी हैं। इन फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं और कचरा स्थानीय लोगों को तरह-तरह की बीमारियों से ग्रस्त कर रहा है। साफ-सफाई की स्थिति भी बेहद दयनीय हो चुकी है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं, नालियां बजबजा रही हैं और नियमित सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है।

## चौधरी अजीत सिंह ,चौधरी जयंत सिंह हमेशा किसानों के दुख-सुख में खड़े में मिलते है:इंदरजीत सिंह टीटू

वेलकम इंडिया






**गाजियाबाद।** स्वर्गीय ( भारत रत्न )पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी से लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह जी अब राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह जी ( केंद्रीय मंत्री )हमेशा किसान बिरादरी के साथ सुख और दुख में हर समय खड़े मिलते हैं आज चौधरी जयंत सिंह जी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय आदित्यनाथ योगी जी को पत्र के माध्यम से किसान के हुए नुकसान के प्रति मदद के लिए पत्र लिखा है अभी हाल ही में कई जिलों में तादाद से अधिक बारिश होने पर ओलावृष्टि होने पर आंधी और तूफान से किस की फसल खराब हो गई है उसकी भरपाई के लिए अपनी तरफ से गुजारिश की है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी को इस आशा और उम्मीद के साथ के मुख्यमंत्री जी हुए नुकसान का आकलन करके अधिक से अधिक मदद करने की कोशिश करेंगे पुरी किसान बिरादरी की जिन-जिन का भी नुकसान हुआ है राष्ट्रीय लोक दल हमेशा देश के किसान के साथ देश के अन्नदाता के साथ आखिरी पंक्ति में खड़े हुए व्यक्ति के साथ खड़ी है खड़ी रहेगी

## यशोदा अस्पताल, गाजियाबाद में रोबोटिक सर्जरी का नया अध्याय, एक दिन में 9 सफल ऑपरेशन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** यशोदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल और कैंसर इंस्टीट्यूट, संजय नगर ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। 24 मई 2025 को अस्पताल में एक ही दिन में नौ रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक की गईं, जिनमें आठ रोबोटिक कोलेसिस्टेक्टॉमी (पित्ताशय हटाने की सर्जरी) और एक रोबोटिक इंजुनल हर्निया मरम्मत शामिल है। सभी मरीजों को बिना किसी जटिलता के ऑपरेशन के बाद 24 घंटे के भीतर छुट्टी दे दी गई, जो इस तकनीक की सफलता और रोगी सुरक्षा का परिचायक है। यशोदा समूह के अध्यक्ष डॉ. दिनेश अरोड़ा और समूह निदेशक डॉ. रजत अरोड़ा के नेतृत्व में यह अस्पताल रोबोटिक सर्जरी और न्यूनतम पहुंच तकनीक के क्षेत्र में टियर-2 शहरों में भी विश्व स्तरीय सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. दिनेश अरोड़ा ने कहा कि आधुनिक तकनीक को आम जनता तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है, ताकि हर नागरिक लाभान्वित हो सके। डॉ. रजत अरोड़ा ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी पहले जहां भविष्य की कल्पना थी, आज वह मरीजों के लिए सुरक्षित, कम दर्दनाक और तेजी से ठीक होने वाली वास्तविकता बन चुकी है। यह तकनीक छोटे चीरे, कम रक्तस्राव और निशान, तथा तेज रिकवरी के कारण मरीजों के लिए बेहतर विकल्प साबित हो रही है।

## आईआईआरएफ रैंकिंग-2025 में टीएमयू के फामेर्सी कॉलेज की यूपी में फोर्थ पॉजिशन

वेलकम इंडिया




तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद ने आईआईआरएफ-इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क 2025 में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ फामेर्सी ने यूपी में चौथा, नॉर्थ इंडिया रीजन में 19वां और देश में 53वां स्थान प्राप्त किया है। इन रैंकिंग ने टीएमयू की गुणवत्ता एवम्-उत्कृष्टता को एक नई ऊंचाई दी है। किसी भी संस्थान को यह रैंकिंग शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान, प्लेसमेंट प्रदर्शन, उद्योग से जुड़ाव और समग्र शिक्षा व्यवस्था में विशेष योगदान के लिए दी जाती है। यह प्रतिष्ठित रैंकिंग टीएमयू के फामेर्सी कॉलेज की प्रतिबद्धता, नवाचारशील दृष्टिकोण और समर्पित प्रयासों का प्रतिफल है। टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन कहते हैं, हम उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और फार्मास्युटिकल रिसर्च में अग्रणी बने रहने के लिए प्रतिबद्ध हैं। फामेर्सी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग वर्मा कहते हैं, यह रैंकिंग हमारे छात्रों और फैकल्टीज के सतत परिश्रम और समर्पण का प्रतिफल है। उल्लेखनीय है, टीएमयू के फामेर्सी कॉलेज यूपी का पहला ड्रग इंफॉर्मेशन सेंटर है। यह केंद्र छात्रों को फामाकोविजिलेंस में ड्रग इंफॉर्मेशन रिट्रीवल और विश्लेषण में कौशल विकसित करने के लिए मील का पत्थर साबित होता है।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर हुई समीक्षा बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपल की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति की समीक्षा की गई और आने वाली बाधाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सीडीओ अभिनव गोपल ने बैठक में उपस्थित सभी वेंडर्स को स्पष्ट निर्देश दिए कि सोलर पावर प्लांट की स्थापना में आने वाली समस्याओं को, चाहे वे विद्युत विभाग, बैंक अथवा यूपीनेडा से संबंधित हों, लिखित में प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान वरिष्ठ परियोजना अधिकारी और उनकी टीम द्वारा समय से कराया जाएगा, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंच सके और निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जा सके। बैठक के दौरान तीनों जोन की सोलर नेट मीटर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें बताया गया कि जोन-1 में 123 मीटर इंडेंट किए गए हैं, जिनमें से 115 मीटर लग चुके हैं। जोन-2 में 396 में से 381 और जोन-3 में 119 में से 116 मीटर लग चुके हैं। इन आंकड़ों के आधार पर क्रमशः 93.5 प्रतिशत, 96.21 प्रतिशत और 97.48 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। साथ ही, तीनों जोनों में हजारों नए कनेक्शनों की भी जानकारी दी गई।